3 राजधानी
लखनऊ विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह आज

6 अभिमत
जसवंत सिंह ने निभाई जिम्मेदारी

11 विदेश
नाइजीरिया में नौका पलटी, 40 लापता

12 स्पोर्ट्स
बांग्लादेश की टीम चेन्नई पहुंची

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 321
लखनऊ, सोमवार, 16 सितंबर, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



हिंदू का मतलब विश्व का सबसे उदारतम मानव : भागवत
राष्ट्रीय-10

# केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद छोड़ने का दिया प्रस्ताव

**संजय राय।** नई दिल्ली

**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने तिहाड़ जेल से बाहर आने के 48 घंटे के भीतर अचानक इस्तीफा देने की घोषणा कर एक बार फिर राजनीतिक पंडितों को हैरत और गफलत में डाल दिया है। अपने फैसलों से सबको चौंकाने वाले केजरीवाल ने स्वेच्छा से इस्तीफे की पेशकश करके एक तीर से कई निशाने साधने का काम किया है। उनका यह फैसला कई मायनों में आम आदमी पार्टी के लिए मास्टर स्ट्रोक साबित हो सकता है। आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली मुख्समंत्री अरविंद कहा कि वह अगले दो दिन बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। जब तक जनता अपना फैसला नहीं सुना देगी कि मैं ईमानदार हूं, तब तक सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा। इस दौरान उन्होंने यह भी ऐलान किया कि उनके साथ मनीष सिसोदिया ने भी फैसला लिया है कि वह भी उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का पद तभी संभालेंगे, जब जनता चुनाव में जीता कर ईमानदारी का प्रमाण पत्र दे देगी। जल्द ही विधायक दल बैठक में दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का नाम तय किया जाएगा। भाजपा ने आम आदमी पार्टी के संयोजक पर पटवार करते हुए उनके इस फैसले को जनसंपर्क की की कवायद और नाटक करार दिया है।

आम आदमी पार्टी के मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने अरविंद केजरीवाल ने मांग की कि दिल्ली विधानसभा के चुनाव महाराष्ट्र के साथ फरवरी 2025 के बजाय नवंबर 2024 में कराए जाएं। उन्होंने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि आज से दो दिन बाद वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने जा रहा हैं और तब तक सीएम की कुखी पर नहीं बैठेंगे जब तक जनता मुझे इमानदारी का प्रमाण पत्र नहीं दे देती। जेल से बाहर आने के बाद अग्निपरीक्षा देना चाहते हैं। उन्होंने सभी राज्य के मुख्यमंत्रियों से अनुरोध किया कि वे किसी भी स्थिति में इस्तीफा न दें और जेल से ही सरकार चलाएं। सूत्रों का कहना है कि उनके इस्तीफे ने कई लोगों को चौंका दिया, लेकिन यह फैसला उतना अप्रत्याशित नहीं हो सकता जितना लगता है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें गत शुक्रवार को जमानत दे दी, लेकिन कई शर्तों के साथ, जो उपराज्यपाल को अधिक अधिकार देती हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण प्रतिबंध उनके मुख्यमंत्री कार्यालय जाने पर प्रतिबंध, आधिकारिक फायलों पर हस्ताक्षर नहीं करना। अगर जरूरी है हस्ताक्षर करना तो उपराज्यपाल की मंजूरी लेना होगा। उन्हें दिल्ली सचिवालय में प्रवेश करने से भी रोक दिया गया है। इस आश्चर्यजनक फैसले ने सभी को हैरान कर दिया है कि दिल्ली का




नई दिल्ली में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप के अन्य नेता कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए। *रंजन डिमरी/पायनियर*

अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि अगर वह इस्तीफा देते हैं तो सुनीता केजरीवाल, राखी बिड़लान, आतिश, गोपाल राय और संदीप पाठक सीएम पद के शीर्ष दावेदारों में शामिल हैं। इस चौंकाने वाली घोषणा से आप को चुनावी लाभ मिल सकता है क्योंकि केजरीवाल ने अपनी हालिया घोषणा को नैतिकता के रूप पेश किया, जिसमें उन्होंने सुझाव दिया कि जब तक उन्हें मतदाताओं से ईमानदारी का प्रमाण पत्र नहीं मिल जाता, तब तक वह सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। केजरीवाल ने दावा किया उन्होंने अपने जीवन में कुछ नहीं कमाया, मेरा और मेरी पार्टी का बैंक खता खाली है। मैंने जीवन में इज्जत और ईमानदारी के अलावा कुछ नहीं कमाया।

राजनीतिक विशेषज्ञों ने कहा कि इस कदम का मकसद केजरीवाल के नेतृत्व में भ्रष्टाचार और शासन के बारे में बात करना है और यह आप और उसके समर्थकों को ईमानदारी और जवाबदेही के आख्यान के इर्द-गिर्द लामबंद करने का काम भी करता है। इस बीच, सिर्फ कुछ महीनों के लिए सीएम चुनने से अक्सर सत्ता संघर्ष और बाद में बड़े पैमाने पर बाहर निकलने की स्थिति पैदा हो जाती है, जैसा कि हाल ही में झारखंड में झामुमो के हेमंत सोरेन और चंपई सोरेन के बीच और 2014 में बिहार में जेडी(यू) प्रमुख नीतीश कुमार द्वारा जीतन राम मांझी से शीर्ष सीट वापस लेने के बाद देखा गया था।

इस बीच भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने इसे पीआर स्टंट करार देते हुए दावा किया कि केजरीवाल समझ गए हैं कि दिल्ली की जनता के बीच उनकी छवि एक ईमानदार नेता की नहीं है। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा जमानत की शर्तों के कारण केजरीवाल के पास इस्तीफा देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। सिरसा ने दावा किया कि केजरीवाल ने अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाने के लिए पार्टी विधायकों को मनाने के लिए सीएम पद से इस्तीफा देने के लिए दो दिन का समय मांगा। भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने केजरीवाल की घोषणा को दिल्ली की जनता की जीत करार दिया। उन्होंने कहा, आखिरकार भ्रष्ट केजरीवाल को इस्तीफा देना ही पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट की सख्त कार्रवाई के कारण यह इस्तीफा मजबूरी में दिया जा रहा है, जो व्यक्ति जेल से सरकार चलाने पर अड़ा था, उसे आज इस्तीफा देना पड़ा। यह भ्रष्टाचार के खिलाफ दिल्ली की जनता की बड़ी जीत है। प्रदेश भाजपा के हरीश खुराना ने सवाल किया कि आप नेता नाटक क्यों कर रहे हैं। 48 घंटे बाद क्यों, उन्हें आज ही इस्तीफा दे देना चाहिए। पहले भी उन्होंने ऐसा किया है। दिल्ली के लोग पूछ रहे हैं, वह सचिवालय नहीं जा सकते, फइलों पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते। फिर क्या मतलब है। यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने इस्तीफा दिया है। पिछली बार जब केजरीवाल ने इस्तीफा दिया था, तब उनकी सरकार ने केवल 49 दिन काम किया था और इस फैसले को मास्टरस्ट्रोक के रूप में सराहा गया था क्योंकि आप ने वर्ष 2015 में 70 विधानसभा सीटों में से 67 सीटें जीतकर लगभग सभी सीटों पर जीत दर्ज की थी। भाजपा को केवल 3 सीटें मिली थीं। आप लोग सोच रहे होंगे कि मैं अभी जेल से बाहर आया हूं, वह इस्तीफा क्यों देने जा रहे हैं। उन्होंने मेरे खिलाफ आरोप लगाए हैं। वे कह रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट ने जमानत पर शर्तें रखी हैं। ( शेष पृष्ठ 9 )



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा जमशेदपुर में टाटानगर-पटना वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। पीटीआई

# मतदाताओं को मिली वंदे भारत की सौगात

**दीपक कुमार झा।** जमशेदपुर/रांची

● **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई और 660 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ किया**

**कुछ राज्यों** में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार ने मतदाताओं को लुभाने के लिए वंदे भारत ट्रेनों की सौगात दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई और 660 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ किया। खराब मौसम के कारण सुबह टाटानगर रेलवे स्टेशन से ट्रेनों और अन्य परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा, क्योंकि रांची से टाटा तक हेलीकॉप्टर सेवा संभव नहीं थी।

प्रधानमंत्री मोदी रांची पहुंचे और कार्यक्रम को वर्चुअली शेड्यूल करना पड़ा। प्रधानमंत्री ने लोगों से टाटानगर नहीं पहुंच पाने के लिए माफी मांगी क्योंकि खराब मौसम के कारण मेरा हेलीकॉप्टर रांची से उड़ान नहीं भर सका। बाद में प्रधानमंत्री तय कार्यक्रम के अनुसार राजनीतिक कार्यक्रमों और परिवर्तन महारैली में शामिल होने के लिए सड़क मार्ग से जमशेदपुर पहुंचे।

मोदी झारखंड, गुजरात और ओडिशा के तीन दिवसीय दौरे पर हैं, जहां वे कई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे और 12,460 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और शुभारंभ करेंगे। झारखंड में इस नवंबर में चुनाव होने हैं। उन्होंने रांची में झारखंड, ओडिशा, बिहार और यूपी के लिए छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, अन्नपूर्णा देवी और संजय सेठ और झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार टाटानगर स्टेशन पर मौजूद थे। सूत्रों ने बताया कि चुनाव वाले राज्यों महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर के लिए भी कुछ रेल परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं। मोदी ने कहा, झारखंड में रेलवे लाइन बिछाने, उनका दोहरीकरण करने और रेलवे स्टेशनों पर आधुनिक सुविधाएं विकसित करने का काम तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि विकास में पिछड़ रहे झारखंड में भी इन परियोजनाओं के शुरू होने से तेजी से विकास होगा। केंद्र ने झारखंड के विकास के लिए अपना निवेश बढ़ाया है। इस साल झारखंड को रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 7,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। अगर हम पिछले 10 वर्षों के बजट की तुलना करें तो यह 16 गुना अधिक है। पीएम मोदी ने कहा कि झारखंड उन राज्यों की सूची में शामिल हो गया है जहां रेलवे नेटवर्क का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है।

# न्याय की राह पर कोलकाता

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**केंद्रीय जांच** ब्यूरो ने रविवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल बलात्कार और हत्या मामले में अस्पताल के अधिकारियों और पुलिस के एक वर्ग के बीच 'बड़ी साजिश' और 'गहरी सांठगांठ' का आरोप लगाया है। ताला पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी अभिजीत मंडल को गिरफ्तार करने और भ्रष्टाचार के आरोप में पहले से जेल में बंद आरजी कर के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को फिर से गिरफ्तार करने के एक दिन बाद यह आरोप सीबीआई के वकीलों ने लगाते हुए सियालदाह कोर्ट में बताया कि दोनों पक्षों ने सबूत नष्ट करने और मामले को दबाने की साजिश रची थी। मंडल और घोष दोनों को नामित अदालत ने 3 दिन की सीबीआई रिमांड दी है।

सीबीआई ने इस घटना को 'संस्थागत हत्या' करार देते हुए रिमांड पत्र के बिंदु 8 में बताया कि कैसे प्रभारी अधिकारी ने पीड़िता के शव का अंतिम संस्कार करने की अनुमति देने में अतिरिक्त जल्दबाजी दिखाई। रिमांड पत्र में कहा गया है कि जब परिवार के सदस्यों ने दूसरी बार शव परीक्षण की मांग की तो पुलिस ने जल्दबाजी में अंतिम संस्कार की अनुमति दी। घटना की रिपोर्ट पुलिस द्वारा पहली बार प्राप्त होने (सुबह 10.03 बजे) और



कोलकाता में रविवार को सियालदह कोर्ट से बाहर निकलते हुए डॉक्टर बलात्कार और हत्या मामले में आरोपी अभिजीत मंडल। न्यायालय ने मंडल को 17 सितंबर तक सीबीआई हिरासत में भेज दिया है। पीटीआई

एफआईआर दर्ज करने (रात 11.30 बजे) के बीच 14 घंटे से अधिक के अंतराल पर सवाल उठाते हुए सीबीआई ने अदालत को बताया कि इतना ही नहीं, थाने का प्रभारी अधिकारी एक घंटा देरी से आया था, उन्होंने साथ यह भी बताया कि कैसे पीड़िता की बेहोशी की हालत का वर्णन करते हुए एक सामान्य डायरी नंबर 542 दर्ज किया गया। जबकि मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने पहले ही मृत अवस्था में शव की जांच कर ली थी।

वकील ने कहा कि सीबीआई पुलिस द्वारा की गई जानबूझकर की गई गलती के पीछे के कारण को समझने की कोशिश कर रही है। वकील ने अदालत को यह भी बताया कि जिस तरह से अस्पताल के अधिकारियों ने उसी अस्पताल के अंदर पोस्टमार्टम करने पर जोर दिया वह भी सूर्यास्त के बाद, जहां घटना हुई थी और यह बेहद संदिग्ध मामला था। सूत्रों ने सीबीआई वकील के हवाले से कहा, इसके अलावा, जब पोस्टमार्टम करने वाले सर्जनों में से एक ने सूर्यास्त के बाद पोस्टमार्टम करने के लिए अपेक्षित पुलिस अनुमति मांगी, तो ताला पुलिस स्टेशन के एक सब-इंस्पेक्टर को कथित तौर पर अनुमति पत्र लिखने के लिए कहा गया, जो उसके अधिकार क्षेत्र से बाहर था,

आरजीकेएमसीएच की एक पोस्टग्रेजुएट महिला डॉक्टर के साथ 8 अगस्त की रात को बलात्कार के बाद उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस के एक वर्ग और अस्पताल अधिकारियों के बीच गहरी साठगांठ को स्पष्ट करते हुए, सीबीआई ने कहा कि यह दिखाने के लिए सबूत हैं कि घटना के दिन घोष और मंडल ने बार-बार टेलीफोन पर बातचीत की थी। वकीलों ने कहा कि इसके अलावा, मंडल ने पूरे अपराध स्थल पर अस्पताल के लोगों और बाहरी लोगों की भीड़ को घंटों तक रहने दिया... लोग आते-जाते रहे और सबूतों से छेड़छाड़ की गई। उन्होंने कहा कि यह सब कोलकाता पुलिस के कुछ शीर्ष अधिकारियों के सामने हुआ। सीबीआई सूत्रों ने यह भी कहा कि मंडल के अलावा चार और पुलिस अधिकारी भी उनकी जांच के दायरे में हैं। इनमें एक भारतीय पुलिस सेवा का अधिकारी भी शामिल है। केंद्रीय एजेंसी के सूत्रों ने कहा, इनमें से कुछ अधिकारियों को पूछताछ के लिए जल्द ही नोटिस भेजा जाएगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि सीबीआई और पुलिस के बीच कुछ भी नहीं है और जो भी कदम उठाए जा रहे हैं, वे जांच के हित में उठाए जा रहे हैं।


# मौसम की मार से जूझ रहा पूरा भारत, बारिश बनी आफत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/कोलकता

**भारी बारिश** पूरे देश में अपना रौद्र रूप दिखा रही है। मूसलाधार बारिश से सड़कों पर पानी भर गया है, जानमाल का नुकसान और यातायात बाधित हुआ है। कई राज्यों में भूस्खलन से भारी तबाही हुई है। उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक, मानसून की लगातार बारिश ने शहरों की सड़कों को जलमग्न सड़कों, के कारण बचाव कार्यों को प्रभावित करने के साथ ही स्थानीय लोगों को परेशानी से जूझने के लिए मजबूर होना पड़ा। भारतीय मौसम विभाग ने रविवार को पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जिसमें रविवार और सोमवार को अत्यधिक भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है। बांग्लादेश और उससे सटे पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों में बने गहरे दबाव के कारण अगले दो दिनों में छत्तीसगढ़, पूर्वी मध्य प्रदेश, बिहार और त्रिपुरा में बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी करते हुए ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के आंकड़ों के अनुसार, भारत में इस मानसून में अब तक 795.9 मिमी की सामान्य बारिश के मुकाबले 857.5 मिमी बारिश दर्ज हुई है। उल्लेखनीय है कि अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, पंजाब और चंडीगढ़ में बारिश की कमी वाले राज्य हैं और इस साल मानसून के जाने में दो सप्ताह बाकी हैं। आंकड़ों पर नजर डालने से पता चलता है कि पूर्वी और उत्तर-पूर्वी उप-मंडल में 1233.9 मिमी की सामान्य बारिश के मुकाबले 1047 मिमी बारिश हुई है, जो अब तक 15 प्रतिशत कम है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख सहित उत्तर-पश्चिम भारत में 552.5 मिमी की सामान्य बारिश के मुकाबले 590.9 मिमी बारिश हुई है, जो इस मौसम में लगभग 7 प्रतिशत अधिक है।

मध्य भारत में 906.8 मिमी की सामान्य बारिश के मुकाबले 1068.5 मिमी बारिश हुई, जो अब तक 18 प्रतिशत अधिक है। दक्षिण प्रायद्वीप में 631.5 मिमी की सामान्य बारिश के मुकाबले 759.8 मिमी बारिश हुई, जो



इस साल लगभग 20 प्रतिशत अधिक है। पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में हो रही मूसलाधार बारिश ने राष्ट्रीय राजधानी में सितंबर में वार्षिक और मौसमी औसत बारिश को पार कर लिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के आंकड़ों के अनुसार, इस महीने शहर में 1,000 मिमी बारिश दर्ज की गई है जो वर्ष 2021 के बाद से सबसे अधिक और कम से कम पिछले एक दशक में दूसरी सबसे अधिक बारिश है, जबकि मानसून के मौसम में सामान्य तौर पर 650 मिमी बारिश होती है। इस महीने में 125.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य से 55 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा, इस साल लगातार बारिश ने शहर को जाम का कर दिया है, क्योंकि बारिश के कारण शहर में जलभराव, अंडरपास बंद होना और यातायात जाम की स्थिति पैदा हो गई है, साथ ही शहर में कभी-कभी दृश्यता में कमी भी देखने को मिलती है। इसके कारण डूबने और बिजली के करंट लगने से लोगों की जान भी गई है और कथित तौर पर दिल्ली में अब तक लगभग 40 लोगों की मौत हो चुकी है।

दक्षिण प्रायद्वीप में 631.5 मिमी की सामान्य बारिश के मुकाबले 759.8 मिमी बारिश हुई, जो इस साल लगभग 20 प्रतिशत अधिक है। आईएमडी ने मछुआरों को चेतावनी भी जारी की है, जिसमें समुद्र में संभावित उथल-पुथल के कारण 16 सितंबर की सुबह तक बंगाल की खाड़ी के उत्तरी भाग और बांग्लादेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के तटों पर न जाने की सलाह दी गई है। गंगा के तटीय पश्चिम बंगाल (कोलकाता सहित) और उत्तरी ओडिशा और झारखंड के आस-पास( शेष पृष्ठ 9 )

# जन शिकायतों के निस्तारण करने में लापरवाही पर होगी कार्रवाईः सीएम

**● मुख्यमंत्री योगी का निर्देश, जिलाधिकारी तहसीलों की, मंडलायुक्त जिलों की व्यवस्था की करें समीक्षा, आम आदमी के आवेदन लंबित क्यों, तय करें जवाबदेही**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को आहूत प्रदेशस्तरीय बैठक में विकास कार्यों, कानून व्यवस्था और आगामी पर्व-त्योहारों के दृष्टिगत व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में समस्त मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, अपर पुलिस महानिदेशक (ज़ोन), समस्त पुलिस आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक (रेंज), पुलिस उप महानिरीक्षक (परिक्षेत्र), मंडलायुक्त, जिलाधिकारियों की सहभागिता रही। बेहतर कानून-व्यवस्था, सतत संवाद और सभी वर्गों से मिल रहे सहयोग का ही परिणाम है कि हाल के वर्षों में प्रदेश में सभी पर्व-त्योहार शांति और सौहार्द पूर्ण माहौल में सम्पन्न हो रहे हैं। बेहतर टीमवर्क और जनसहयोग का यह क्रम सतत जारी रखा जाए। 16 सितंबर को बरावफात के अतिरिक्त अनंत चतुर्दशी तक गणेश उत्सव मनाया जाएगा। इसके उपरांत, पितृ पक्ष प्रारंभ होगा और 03 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र, विजयादशमी का उत्सव है। कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत यह समय संवेदनशील है। पुलिस प्रशासन को चौबीस घंटे सतर्क-सावधान रहना होगा। हर पर्व शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हों, इसके लिए स्थानीय जरूरतों को देखते हुए सभी जरूरी प्रयास किए जाएं। शरारतपूर्ण बयान जारी करने वालों के साथ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कड़ाई से पेश आएं। माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता से निपटें। पर्व और त्योहार खुशियों का अवसर होते हैं। हर व्यक्ति उल्लास-उमंग और आह्लाद में होता है। शरारती तत्व दूसरे सम्प्रदाय के लोगों को अनावश्यक उत्तेजित करने की कुत्सित कोशिश कर सकते हैं, ऐसे मामलों पर नजर रखें। पिछले अनुभवों को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा के इंतजाम करें। माताओं, बहनों और बेटियों की सुरक्षा हमारी शीर्ष प्राथमिकता में हैं। इससे किसी भी प्रकार समझौता नहीं किया जा सकता। लव जिहाद, चेन स्नेचिंग, ईव टीजिंग की छोटी से छोटी सूचना पर तत्काल एक्शन होना चाहिए। महिला पुलिस बीट अधिकारियों को एक्टिव रखें। पेट्रोलिंग जारी रखें। ऐसी घटनाओं पर बीट सिपाही से लेकर डिप्टी एसपी तक की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। शासन स्तर पर प्रत्येक दिन हर जिले की समीक्षा की जा रही है। जनपदों की हर घटना, हर अधिकारी की गतिविधि की मॉनीटरिंग हो रही है। ऐसा ही प्रयास ज़ोन और रेंज स्तर के अधिकारियों द्वारा अपने प्रभार के क्षेत्र में किया जाना चाहिए। पुलिस कमिश्नर हर दिन डीजीपी को अपने कमिश्नरेट की रिपोर्ट दें। भारत सरकार ने योजनाओं के लिए बजटीय आवंटन के लिए प्रदर्शन को मानक बनाया है। जो राज्य जितना अच्छा कार्य करेगा, भारत सरकार से उसे उसी प्रकार सहयोग दिया जाएगा। ऐसे में सभी अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव अपने विभागीय मंत्री के साथ भारत सरकार में संबंधित मंत्रालय में संवाद कर केंद्रीय योजनाओं में प्रदेश की सहभागिता बढाएं। सभी जिलों के लिए प्रभारी मंत्रीगणों की तैनाती की गई है। प्रभारी मंत्रियों का दौरा प्रत्येक माह होगा। जिलों में एक कोर कमेटी भी गठित की गई है। प्रभारी मंत्रियों के दौरे के समय सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें, अपनी विभागीय प्रगति से माननीय मंत्री को अवगत कराएं। प्रभारी मंत्री द्वारा दिये गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी/पुलिस कप्तान अपने जिले के प्रभारी मंत्री से सतत संवाद-संपर्क बनाए रखें। जिले की गतिविधियों से उन्हें अपडेट करते रहें। जिलों के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती भी शीघ्र कर दी जाएगी। आईजीआरएस में मिलने वाले आवेदन हों या सीएम हेल्पलाइन अथवा थाना/तहसील/विकास खंड में पहुंचने वाले शिकायतकर्ता, सबकी सुनवाई की जाए। पीड़ित/परेशान व्यक्ति की मनोदशा को समझें, उसकी भावना का सम्मान करें और पूरी संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाए। शिकायतकर्ता की संतुष्टि और उसका फीडबैक ही अधिकारियों के प्रदर्शन का मानक होगा। जनशिकायतों/समस्याओं से जुड़े आवेदन का संतोषप्रद निस्तारण किया जाना है। मिथ्या अथवा भ्रामक रिपोर्ट लगाने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई होनी तय है। नामातंरण, पैमाइश, लैंड यूज चेंज, वरासत आदि आम आदमी से जुड़े मामले किसी भी दशा में लंबित नहीं रहने चाहिए। तय समय सीमा के भीतर निस्तारण होना ही चाहिए। हर जिलाधिकारी तहसीलों की और मंडलायुक्त अपने क्षेत्र के जिलों की नियमित समीक्षा करें। कहाँ, किस विभाग में आम आदमी के कितने आवेदन लंबित हैं, क्यों लंबित हैं, इसकी समीक्षा करें और जवाबदेही तय करते हुए रिपोर्ट अपने वरिष्ठ अधिकारी को प्रेषित करें। विगत दिनों में अतिवृष्टि के कारण लखीमपुर खीरी, फर्रुखाबाद, गोंडा, जालौन, प्रयागराज, वाराणसी सहित कई जिलों में जन-धन की क्षति की सूचना मिली है। इसका आकलन कर बिना विलंब क्षतिपूर्ति की जाए।

# लखनऊ विश्वविद्यालय का 67वां दीक्षान्त समारोह आज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लखनऊ** विश्वविद्यालय के 67वां दीक्षांत समारोह 16 सितंबर सोमवार को आयोजित होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पद्मभूषण डॉ. विजय पांडुरंग भटकर होंगे। जबकि समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। उच्च शिक्षामंत्री योगेंद्र उपाध्याय तथा राज्यमंत्री रजनी तिवारी विशिष्ट अतिथि होंगे।

समारोह में 198 छात्र-छात्राओं को विभिन्न पदक तथा 10,6306 को डिग्री दी जाएगी। डिग्री पाने वालों में संबद्ध कॉलेजों के भी विद्यार्थी शामिल हैं। रविवार को विश्वविद्यालय ने डिग्री और पदकों की संख्या जारी की है। परिसर के कला प्रांगण में समारोह के लिए भव्य पंडाल तैयार किया जा चुका है। करीब 1500 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। मेधावी विद्यार्थियों, उपाधिधारकों और विशिष्ट अतिथियों के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। यूट्यूब पर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण होगा। परीत्रा निंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि अब तक 3,40,351 विद्यार्थियों की एबीसी आईडी बन चुकी है। इनकी डिग्री डिजी लॉ पर अपलोड कर दी गई है। सोमवार को आयोजित दीक्षांत में लखनऊ और संबद्ध हरदोई, लखीमपुर खीरी, रायबरेली और सीतापुर के कॉलेजों के 106306 विद्यार्थियों को डिग्री दी जाएगी।

## ड्रेस कोड लागू

लेख दीक्षांत समारोह में सभी के लिए ड्रेस कोड लागू किया गया है। पु शिक्षक, अधिकारी, प्राधिकारी सदस्य बंद गले का काला कोट-पैन्ट, काला जूता और महिला शिक्षिक, अधिकारी, प्राधिकारी गोल्डेन बॉर्डर सहित क्रीम सिल्क साड़ी, क्रीम ब्लाउज व काला जूता पहनना होगा। छात्राएं साड़ी तथा छात्र कुर्ता-पैजामा पहनेंगे।

## इन रास्तों से होगी इंट्री

विश्वविद्यालय ने दीक्षांत समारोह के लिए रूट प्लान जारी किया है। प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी के मुताबिक सबके लिए अलग गेट से एंट्री तय की है। विद्यार्थी और आमंत्रित सदस्यों को आमंत्रण पत्र देखकर ही जाने दिया जाएगा।

गेट नंबर दो से कार्य परिषद सदस्य, विशिष्ट, अति विशिष्ट, मंत्रियो, अफसरों, पुसिस. गेट नंबर तीन विवेकानंद द्वार से संबद्ध कॉलेजों के शिक्षक, अधिकारियों, कर्मचारियों, पदक पाने अगला वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावक तथा मीडिया को प्रवेश दिया लेख जाएगा। हिन्दी विभाग के समीप बरामदे से शिक्षकों, संबद्ध कॉलेज के प्राचार्यों, प्रबंधकों, कर्मचारी तथा भौतिक विज्ञान एवं हिन्दी विभाग के बीच स्थित पंडाल में विद्यार्थियों, पदकधारकों, उनके अभिभावक पंडाल में दाखिल होंगे। भाऊराव देवरस द्वार से प्रशानिक भवन के कर्मचारियों, लेखा विभाग के कर्मचारी दाखिल होंगे।

# जनेश्वर मिश्र पार्क में बनेगा रेनवाटर हार्वेस्टिंग थीम पार्क

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**गोमतीनगर** के जनेश्वर मिश्र पार्क में प्रदेश का सबसे बड़ा रेनवाटर हार्वेस्टिंग थीम पार्क विकसित करने का कार्य किया जाएगा। शासन द्वारा रेनवाटर हार्वेस्टिंग थीम पर एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है,ि जसमें 10 अफसरों को शामिल किया गया।

शहर के जनेश्वर मिश्र पार्क में प्रदेश का पहला सबसे बड़ा रेनवाटर हार्वेस्टिंग थीम पार्क विकसित किया जाएगा। इसकी डिजाइनए लेआउट व अन्य चीजों को अंतिम रूप देने के लिए शासन ने 10 अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय समिति गठित कर दी है। मुख्य सचिव के निर्देश पर गठित उच्चस्तरीय समिति थीम पार्क पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कराएगी। इसमें कहां.कहां क्या.क्या चीज बनेगीए किस तरह इसकी डिजाइन होगी। यह सब निर्धारित करने की जिम्मेदारी इसी कमेटी को दी गई है।

## प्रदेश का सबसे बड़ा थीम पार्क होगा

यह प्रदेश का सबसे बड़ा और आकर्षक रेन वाटर हार्वेस्टिंग थीम पार्क होगा। इसमें लोगों को रेनवाटर हार्वेस्टिंग के तौर तरीकों को देखने, उसके बारे में जानकारी करने की सुविधा मिलेगी। इस पूरे पार्क में वर्षा जल संचयन किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक वर्षा जल संचयन के अत्याधुनिक तौर तरीकों को भी यहां प्रदर्शित किया जाएगा। इस तरह का पार्क अभी तक प्रदेश में कहीं नहीं है।

# बृजेंद्र श्रीवास्तव बेसिक हेल्थ वर्कर एसो. के जिला अध्यक्ष निर्वाचित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** चिकित्साधिकारी, लखनऊ के सभागार कक्ष में रविवार को हुए चुनाव में बृजेंद्र कुमार श्रीवास्तव को बेसिक हेल्थ वर्कर (पुरुष) एसोसिएशन जनपद शाखा लखनऊ का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। बृजेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कड़े मुकाबले में अपने प्रतिद्वंदी को चार वोटों से पराजित किया।

निर्वाचन में कुल 52 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें पदवार डाले गये वोटो की संख्या निम्नवत रही। अध्यक्ष पद पर बृजेंद्र कुमार श्रीवास्तव को 28 मत हासिल हुए जबकि उपविजेता रहे दीपक कुमार को 24 मत मिले। मंत्री पद पर शिव शरण कनौजिया ने 27 मत हासिल करके जीत दर्ज कराई जबकि उपविजेता आशुतोष शर्मा को 25 मत मिले। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विजई घोषित हुए सर्वेश्वर प्रताप सिंह को 29 मत मिले। दूसरे स्थान पर रहे डीएस भगत को 22 मत हासिल हुए।

इसके अलावा अजय कुमार को उपाध्यक्ष, मृदुल गुप्ता को कोषाधिकारी, सुशील जायसवाल को संगठन मंत्री, राहुल सिंह को उप मंत्री, अनुभव सिंह को प्रचार मंत्री, अंकित वर्मा को संस्कृतिक मंत्री और विपिन कुमार को कार्यालय सचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। मतदान में निर्वाचन अधिकारी योगेश चन्द्र रघुवंशी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी, लखनऊ एवं पर्यवेक्षक पुरूषोत्तम कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ सहायक कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी, लखनऊ एवं प्रान्तीय कार्यकारिणी द्वारा नामित पदाधिकारी अरुण कुमार शुक्ला स्वास्थ्य पर्यवेक्षक जनपद सीतापुर, प्रशान्त दीक्षित, स्वास्थ्य कार्यकर्ता (पुरुष) जनपद उन्नाव उपस्थित रहे।

# हिन्दू महासभा प्रत्येक मंगलवार को करेगी हनुमान चालीसा का पाठ

**● पाठ के साथ कार्यकर्ताओं की बैठक हर रविवार को करने का लिया निर्णय**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अखिल** भारत हिन्दू महासभा त्रिदंडी द्वारा प्रत्येक मंगलवार हनुमान चालीसा पाठ व रविवार को बैठक करने का निर्णय किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा हिन्दू महासभा त्रिदंडी की वेबसाइट का शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों को जन.जन तक पहुंचाने के लिये जनता से सीधे मिलने के साथ-साथ सोशल मीडिया के प्रयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया। अखिल भारत हिन्दू महासभा त्रिदंडी के उत्तर प्रदेश पदाधिकारियों, जिला, नगर एवं मण्डल अध्यक्षों की हुई बैठक में हिन्दुओं में एकजुटता के लिये प्रत्येक मंगलवार को क्षेत्र के मन्दिरों में हनुमान चालीसा का पाठ और प्रत्येक रविवार को जनता के बीच निरन्तर बैठकों के करने का निर्णय लिया है। बैठक में मौजूद राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने बैठक में पार्टी की सभी इकाईयों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते हुये कहा कि पार्टी की नीतियों को जन.जन तक पहुंचाने के लिये जनता से सीधे मिलने के साथ.साथ सोशल मीडिया के प्रयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कुर्सी रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में मौजूद पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के अलावा पूरे देशभर से वर्चुअली पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुये। राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिवेदी ने इस मौके पर हिन्दू महासभा त्रिदंडी की वेबसाइट का शुभारंभ करते हुये कहा कि वर्तमान समय में हर व्यक्ति तक पहुंचने के लिये सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम है इसीलिए पार्टी के हर कार्यकर्ता को अपने आपको डिजिटली मजबूत करना होगा। बैठक के दौरान पूर्वांचल युवक अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ने हिन्दुओं की एकजुटता के लिये नियमित रूप से प्रत्येक मंगलवार को क्षेत्र के मन्दिरों में हनुमान चालीसा का पाठ और रविवार को आम हिन्दुओं जनों के साथ बैठकों को करने का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

# सरोजनीनगर में 15 सौ वर्गफिट पर अवैध कब्जे को नगर निगम ने हटाया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सरोजनीनगर** में प्लाटिंग कर सरकारी जमीन को बेचने में जुटे दंबगों पर नगर निगम द्वारा कड़ी कार्रवाई की गयी। संपत्ति अधिकारी द्वारा 0.101हे तालाब के खाते में दर्ज जमीन पर अवैध कब्जे में थी, जिसे खाली करायी गयी। संपत्ति अधिकारी के साथ तहसीलदार द्वारा 15 सौ वर्ग फिट पर लाखों रुपए की जमीन कब्जा मुक्त कराया गया। रविवार को सरोजनीनगर में ग्राम कासिमपुर पकारी नगर निगम ने अवैध कब्जे में फंसी जमींन पर कार्रवाई की। प्लाटिंग कर बेचने में जुटे प्रापटी डीलर के कब्जे से प्रवर्तन टीम ने खाली करायी।

नगर निगम के संपत्ति प्रभारी संजय यादव और तहसीलदार अरविंद कुमार पांडेय ने अवैध कब्जे को हटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संपत्ति अधिकारी ने बताया कि नगर लखनऊ की खसरा संख्या 46 क्षेत्रफ्ल 0.101हे तालाब के खाते में दर्ज है। भूमि के लगभग 1500 वर्ग फुट पर अस्थाई अतिक्रमण करके प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था, जिसे नीरज कटियार नायब तहसीलदार, नगर निगम के नेतृत्व में लेखपाल मनोज आर्य, संदीप यादव, अनूप गुप्ता की उपस्थिती में नगर निगम के प्रवर्तन दल के सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से कब्जा मुक्त करा दिया गया है। शेष स्थाई निर्माण के विरुद्ध नियमानुसार विधिक प्रक्रिया के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। गौरतलब है कि शासन के आदेशों पर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देशानुसार नगर में अवैध कब्जेदारों पर कार्यवाही एवं सरकारी भूमियों एवं संपत्तियों को कब्ज़ा मुक्त करवाये जाने के लिए लगातार सघन अभियान चलाए जा रहे हैं। अभी तक करोड़ो रुपयों की विभिन्न सरकारी भूमि एवं संपत्ति, जो विगत लंबे समय से कब्जे में थीं, उन्हें खाली करवाया जा चुका है।

# उद्यमिता के भारतीय परिप्रेक्ष्य पर विशेष व्याख्यान का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लखनऊ** विश्वविद्यालय के ए.पी. सेन हॉल में वाणिज्य विभाग के भाऊराव देवरस शोध पीठ के तत्वावधान में उद्यमिता के भारतीय परिप्रेक्ष्य पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और भाऊराव देवरस शोध पीठ के निदेशक प्रो. राम मिलन के संरक्षण में आयाजित किया गया। व्याख्यान का उद्देश्य छात्रों को उद्यमिता और इसके स्त्रोतों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता प्रो. पीएस त्रिपाठी ने भाऊराव देवरस के जीवन से सम्बन्धित कुछ अंश साझा किए और एक उत्कृष्ट छात्र और नेता के रूप में उनकी भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने बेरोजगारी, ग्रामीण प्रवास, स्थानीय संसाधनों का कम उपयोग, क्षेत्रीय असमानता और भुगतान संतुलन की समस्या जैसे मुद्दों की ओर इंगित करते हुए बतलाया कि कैसे उद्यमशीलता के सकारात्मक प्रयासों से हल किया जा सकता है। वाणिज्य संकाय की डीन प्रो. रचना मुज्जु ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और प्रो. पी.एस. त्रिपाठी को उनके शानदार व्याख्यान के लिए आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में सभी संकाय सदस्यों, शोधार्थियों और छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समारोह का समापन वाणिज्य विभाग द्वारा 10 से 12 सितंबर, 2024 तक आयोजित पूर्व-दीक्षांत समारोह सप्ताह के विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित करने के साथ हुआ।

# अगले तीन साल में भारत में आ जायेगा क्वांटम कम्प्यूटर

**● रीगन सुपर कम्प्यूटर देने के लिए तैयार थे, पर वो शर्तें लगा रहे थेः भारत में सुपर कम्प्यूटर का आविष्कार करने वाले वैज्ञानिक डॉ. विजय पी. पांडुरंग का खुलासा**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सुपर** कम्प्यूटर का आविष्कार करने वाले देश के वैज्ञानिक पद्मभूषण डॉ. विजय पी. पांडुरंग ने कहा कि हम क्वांटम कम्प्यूटर पर काम कर रहे हैं। क्वांटम कम्प्यूटर के जरिए हम किसी भी कम्प्यूटर की गति को कई गुना बढ़ा सकते हैं। उन्होंने बताया कि हमने पांच साल का रोड मैप तैयार किया है। क्वांटम कम्प्यूटर का प्रोटोटाइप तैयार है। तीन साल के अंदर भारत के पास अपना क्वांटम कम्प्यूटर होगा। डॉ. पांडुरंग सोमवार को प्रस्तावित लखनऊ विश्वविद्यालय के 67वें दीक्षान्त समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने रविवार को राजधानी पहुँचे थे।

भारत में सुपर कम्प्यूटर की यात्रा को लेकर राजभवन में बातचीत के दौरान डॉ. पांडुरंग ने खुलासा किया कि तत्कालीन अमेरिका के राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन भारत को सुपर कम्प्यूटर देने के लिए तैयार थे, मगर वो शर्तें रख रहे थे। रोनाल्ड चाहते थे कि भारत इसका प्रयोग जलवायु के संदर्भ में करे न कि अन्य के संदर्भ में। इनमें एक यह भी शर्त थी कि भारत यदि शर्तों का उल्लंघन करेगा तो उसके साथ किये गये सभी करार रद्द कर दिये जायेंगे। अमेरिका को आशंका थी कि सुपर कम्प्यूटर का स्तेमाल भारत मिसाइल बनाने में कर सकता है। डॉ. पांडुरंग ने कहा कि भारत कृषि अर्थव्यवस्था वाला प्रधान देश है। ऐसे में यहां पर किसानों की फसल को लेकर जलवायु के बारे में सटीक अनुमान लगाकर उन्हें समय से जानकारी देना जरूरी है। उन्होंने बताया कि जब अमेरिका ने सुपर कम्प्यूटर बनाया तो, उस समय भारत के प्रधानमंत्री राजीव गांधी इसे खरीदने के लिए तैयार थे। उन्होंने अमेरिका से बात भी की। लेकिन शर्त के चलते बातचीत विफल होने के बाद भारत लौटने पर राजीव गांधी ने उन्हें बुलाया और पूछा कि क्या हम सुपर कम्प्यूटर बना सकते हैं। तो मैने जवाब दिया क्यों नहीं बना सकते। हालांकि मैने सुपर कम्प्यूटर देखा नहीं है केवल चित्र देखा है। उन्होंने बताया कि उस समय जापान सुपर कम्प्यूटर बनाने का प्रयास कर रहा था। उन्होंने बताया कि राजीव गांधी ने फिर पूछा कि कितने समय में बन जायेगा तो मैने उत्तर दिया कि 3 साल में तैयार हो जायेगा। उन्होंने बताया कि मैंने राजीव गांधी से कहा कि एक सुपर कम्प्यूटर की कीमत में नया सेंटर और कम्प्यूटर दोनों तैयार हो जायेगा। उस समय अमेरिका के एक सुपर कम्प्यूटर की कीमत 37 करोड़ रुपए थी। फिर मैंने 100 लोगों की टीम के साथ काम करना शुरू किया और तीन साल में अमेरिका के सुपर कम्प्यूटर से काफी आगे का कम्प्यूटर बना कर तैयार किया। उन्होंने कहा कि आज बगैर सुपर कम्प्यूटर के कोई टेक्नोलॉजी नहीं विकसित हो सकती है। उन्होंने बताया कि जब हमने सुपर कम्प्यूटर बनाया तो उस समय निर्णय लिया कि हम इसे मित्र देशों के साथ साझा करेंगे। आम आदमी के जीवन में एआई के बढ़ते हस्तक्षेप के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि एआई बेहतर तकनीक है लेकिन इसके दुरुपयोग को रोकने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि अभी इस पर बहस चल रही है।

## योगी जी से प्रभावित हूं

उत्तरप्रदेश के बारे में पूछने पर डॉ. विजय पी. पांडुरंग ने कहा कि वह यहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से काफी प्रभावित हैं। उन्होंने घोषणा की है कि हम उत्तरप्रदेश को आगे बढ़ायेंगे। उन्होंने कहा कि आज तकनीक के मामले में भारत चीन और अमेरिका के समकक्ष है। हमारे पास कई नेशनल प्लान है, जिससे भारत फिर से सोने की चिड़िया वाले देश की तरफ बढ़ेगा।

# प्राथमिकता पर है आमजन की सुरक्षाः योगी

● सीएम योगी ने बहराइच में मानव-वन्यजीव संघर्ष से प्रभावित परिवार वालों से की मुलाकात, घायलों का जाना हालचाल

**लखनऊ/बहराइच।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को बहराइच दौरे पर पहुंचे। हवाई सर्वेक्षण भी किया, फिर मानव-वन्यजीव संघर्ष में भेड़ियों के हमले में मारे गए लोगों के परिवार वालों से मिलकर भी हालचाल जाना। सीएम ने घायलों से मिलकर भी हालचाल जाना। सीएम ने सहायता राशि, घायलों को लगाए जाने वाले इंजेक्शन, पीड़ित परिवारों के स्वास्थ्य और बच्चों की पढ़ाई आदि की भी जानकारी ली। सीएम यहां मीडिया से भी मुखातिब हुए। सीएम ने कहा कि आमजन की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है, जब तक क्षेत्र खतरे से मुक्त नहीं हो जाता, वन विभाग, जिला प्रशासन-पुलिस टीम निरंतर यहां कार्य करेगी।

सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने मानव वन्य जीव संघर्ष को आपदा की श्रेणी में रखा है। जनहानि पर पीड़ित परिवार को तत्काल पांच लाख रुपये की सहायता उपलब्ध कराते हैं। जंगली जानवरों के हमले में घायलों के लिए एंटी रैबीज वैनम उपलब्ध कराई गई है। सीएम योगी ने कहा कि आमजन की सुरक्षा के लिए यहां वन विभाग की 165 लोगों की 25 टीम तैनात है। 4 थर्मल ड्रोन लगाए गए हैं। पहली प्राथमिकता भेड़िए को रेस्क्यू करने की है। यदि उसकी हिंसक गतिविधियां बढ़ीं या उसने जनहानि का प्रयास किया तो उसे शूट करने के भी आदेश दिए गए हैं। यह अंतिम विकल्प है, इससे पहले अन्य विकल्पों पर भी कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि महसी विस क्षेत्र के नदी से सटे इलाकों में दो माह से भेड़ियों के आतंक के कारण कुछ जनहानि हुई है। भेड़ियों ने कुछ बच्चों को घायल भी किया है। जनप्रतिनिधियों ने जब पहली बार इससे अवगत कराया तो मैंने प्रशासन को तत्काल अभियान चलाने का निर्देश दिया था। वनमंत्री व विभागीय अधिकारियों की टीम के साथ भेजा गया।



सीएम योगी ने कहा कि इस क्षेत्र के 20-25 किमी. दायरे में दो महीने में 8 जनहानि हुई। अब तक पांच भेड़िए रेस्क्यू किए गए हैं। एक अभी भी पकड़ से बाहर है। जंगली जानवरों की दृष्टि से जो क्षेत्र संवेदनशील होता है। इस सीजन में ऐसी घटनाएं प्रकाश में आती हैं। जिन क्षेत्रों में जंगली जानवर रहते हैं, वहां पानी घुस आता है तो वे अन्य स्थानों की तरफ प्रस्थान करते हैं और शिकार की तलाश में कभी-कभी मानव बस्ती के समीप आ जाते हैं। जहां इन्हें आसान शिकार मिलता है, वहां ऐसे हमले दिखते हैं। सीएम योगी ने कहा कि 17 जुलाई को पहली घटना हुई थी, जब भेड़िए ने एक वर्ष के बच्चे को शिकार बना लिया था। फिर यह लगातार चलता रहा। सीएम ने कहा कि भेड़िए ने अलग-अलग गांवों को निशाना बनाया। हमले के दायरे में भी चार-पांच दिन का अंतर रहा। पहली सितंबर को अंतिम घटना घटी थी। इसके बाद जनहानि की सूचना नहीं है। दो-तीन सितंबर को एक बच्चे पर हमले की सूचना थी। इसके उपरांत हमले की भी शिकायत नहीं है।

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में अब तक केंद्र व राज्य सरकार ने 56 लाख गरीबों को आवास उपलब्ध कराया है। यहां सभी पीड़ितों के पास भी पक्के आवास है। कुछ लोगों के घर के बाहर दरवाजे नहीं थे। अन्य मद से दरवाजा लगाने की व्यवस्था की गई। स्वच्छ भारत मिशन में हर परिवार को एक-एक शौचालय दिए गए थे। फिर भी जहां यह व्यवस्था नहीं हो पाई, ऐसे लोगों के लिए अतिरिक्त शौचालय की व्यवस्था की है। लाइटिंग, सुचारू पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है। पात्र व्यक्ति अब तक आवास की सुविधा से वंचित है, उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना से आवास उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। प्राथमिकता के आधार पर कैंप लगाकर पात्रों को आवास, शौचालय, आयुष्मान, राशन कार्ड आदि सुविधाओं से आच्छादित कराने का भी निर्देश दिया गया है। वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, वन राज्यमंत्री केपी मलिक, बहराइच सांसद आनंद कुमार गोड़, विधायक सुरेश्वर सिंह, सुभाष त्रिपाठी, अनुपमा जायसवाल, सरोज सोनकर, रामनिवास वर्मा, विधान परिषद सदस्य पद्मसेन चौधरी, प्रज्ञा त्रिपाठी आदि की मौजूदगी रही।

# अब सरकारी अस्पतालों में मिलेंगे व्यवहार कुशल कर्मचारी



● मास्टर ट्रेनर सभी जिला अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के फ्रंटलाइन स्टाफ को दे रहे बेहतर व्यवहार की ट्रेनिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पर्चा** वहां बनेगा...दवा उस काउंटर पर मिलेगी...फलां डाक्टर वहां बैठते हैं...अगली बार आप सरकारी अस्पताल पहुंचें और वहां का स्टाफ इस तरह मदद करता मिले तो चौंकिएगा मत। प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों के फ्रंटलाइन स्टाफ को मरीजों व तीमारदारों से बेहतर व्यवहार करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे आम जनमानस को अस्पताल में व्यवहार सम्बन्धी दिक्कतों का सामना न करना पड़े। प्रदेश के सभी फ्रंटलाइन स्टाफ (रिसेप्शनिस्ट/वार्ड सहायक/ सुरक्षा गार्ड/ स्टाफ नर्स/ फार्मासिस्ट/ लैब तकनीशियन) को प्रशिक्षित करने के लिए लखनऊ में मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। ये मास्टर ट्रेनर सभी जिला अस्पतालों के प्रमुख/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, स्टाफ नर्स इंचार्ज, अस्पताल मैनेजर व जिला क्वालिटी परामर्शदाता होंगे। प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा की पहल पर शुरू हुई इस मुहिम में हर जनपद से चार मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। नौ बैच में सभी मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण अगस्त में पूरा हो चुका है। अब ये सब अपने-अपने जनपद के जिला अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के फ्रंटलाइन स्टाफ को ट्रेनिंग देंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन- उत्तर प्रदेश की महाप्रबंधक प्रशिक्षण डॉ. अर्चना वर्मा ने बताया कि सुरक्षा गार्ड, स्वागत कक्ष में तैनात कर्मी तथा वार्ड सहायक चिकित्सालय आने वाले व्यक्तियों के लिए प्रथम संपर्क बिंदु का काम करते हैं। मरीजों तथा उनके परिवारीजनों के प्रति अस्पताल के इन कर्मचारियों की सजगता और व्यवहार अत्यंत अहम है। उन्होंने बताया कि कई चिकित्सालयों में प्रशिक्षण शुरू हो चूका है और बाकि में भी माइक्रो प्लान बनाकर सभी फ्रंटलाइन स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस संबंध में प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि सम्मानजनक और गुणवत्तापरक स्वास्थ्य देखभाल जन स्वास्थ्य सेवा का अहम हिस्सा है। चिकित्सा इकाई पर आने वाले मरीज के लिए फ्रंटलाइन स्टाफ और उसका व्यवहार अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। क्योकि यहीं से अस्पताल की छवि बनती या बिगड़ती है इसलिए सम्मानजनक देखभाल प्रदान करने के लिए फ्रंटलाइन स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एक बार स्वस्थ होने के बाद मरीज जीवनपर्यंत इस व्यवहार को याद रखता है। स्वास्थ्य कर्मी की व्यवहार कुशलता मरीज के इलाज में भी सहयोगी बनती है क्योंकि स्वास्थ्य इकाइयों पर आने वाले मरीज और तीमारदार मानसिक और शारीरिक कष्ट के दौर से गुजर रहे होते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य कर्मी का सहृदय व्यवहार मलहम का काम करता है और उन्हें उस कठिन परिस्थिति से निकलने में मददगार होता है।

# योजनाओं का प्राथमिकता के आधार पर दिलाएं लाभः मुख्यमंत्री योगी

● सीएम ने जनप्रतिनिधियों संग की बैठक ●सीएम हवाई सर्वेक्षण कर बाढ़ व क्षेत्र की स्थितियों के बारे में भी हुए अवगत

**लखनऊ/बहराइच।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच में जनप्रतिनिधियों संग बैठक भी की। इसके पहले मुख्यमंत्री ने हवाई सर्वेक्षण कर बाढ़ व क्षेत्र की स्थितियों से भी अवगत हुए। सीएम ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि जनजीवन सामान्य है, लेकिन सतर्कता की अभी भी आवश्यकता है। जनप्रतिनिधि आमजन के बीच में रहें और विश्वास दिलाएं कि जल्द ही भेड़िए को पकड़ लिया जाएगा। सीएम ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पाने से जो पात्र अभी बच गए हैं, अभियान चलाकर उन्हें इसका लाभ भी मुहैया कराया जाए।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों, जिला, पुलिस प्रशासन व वन विभाग की टीम ने बेहतर समन्वय से इस परिस्थिति का सामना करते हुए आम जनमानस के मन में विश्वास पैदा किया है। वन विभाग व प्रशासन की आगे की रणनीति पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले हवाई सर्वेक्षण कर बाढ़ व यहां की स्थितियों का जायजा भी लिया। सीएम ने प्रशासनिक अधिकारियों से बाढ़ समेत अन्य मुद्दों पर किए जा रहे प्रयासों को लेकर जानकारी हासिल की। सीएम ने जनहानि पर मृतक आश्रितों को दी गई सहायता राशि, घायलों के इलाज व स्वास्थ्य आदि की भी जानकारी ली।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इन सभी गांवों का सर्वे किया है, जनजीवन सामान्य है। सतर्कता की आवश्यकता है। जब तक क्षेत्र खतरे से मुक्त नहीं हो जाता, टीम सतर्कता के साथ आमजन की सेवा करते हुए प्रत्येक व्यक्ति को बचाने के लिए यहां कार्य करती रहेगी। बैठक में वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, वन राज्यमंत्री केपी मलिक, बहराइच सांसद आनंद कुमार गोड़, विधायक सुरेश्वर सिंह, सुभाष त्रिपाठी, अनुपमा जायसवाल, सरोज सोनकर, रामनिवास वर्मा, विधान परिषद सदस्य पद्मसेन चौधरी, प्रज्ञा त्रिपाठी आदि की मौजूदगी रही।

# देश के विकास की रीढ़ होते हैं अभियंताः स्वतंत्र देव सिंह

● आधारभूत सुविधाओं के विकास में अभियंताओं का महत्वपूर्ण योगदानःबृजेश सिंह

●इंजीनियर्स एसोसिएशन द्वारा अभियंता दिवस एवं शताब्दी वर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**लखनऊ।** उप्र इंजीनियर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में भारतरत्न इं0 मोक्षगुण्डम् विश्वेश्वरैया जी के 164वें जन्म दिवस के अवसर पर अभियंता दिवस एवं शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन डा0 राम मनोहर लोहिया परिकल्प भवन प्रेक्षागृह, तेलीबाग, लखनऊ में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि श्री स्वतंत्र देव सिंह जलशक्ति मंत्री एवं विशिष्ट अतिथि श्री बृजेश सिंह राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग की गरिमामयी उपस्थिति हुई। समारोह में प्रदेश के समस्त अभियंत्रण विभागों/ निगमों/सार्वजनिक उपक्रमों के अभियंता अधिकारी भारी संख्या में उपस्थित हुए। समारोह की अध्यक्षता इं0 विनोद कुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष, उ0प्र0 इंजीनियर्स एसोसिएशन द्वारा की गयी एवं कार्यक्रम का संचालन इं0 आशीष यादव महासचिव उप्र इंजीनियर्स एसोसिएशन द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर एवं भारतरत्न इं0 मोक्षगुण्डम् विश्वेश्वरैया जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन द्वारा प्रकाशित पत्रिका शताब्दी वर्ष विशेषांक एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रकाशित पत्रिका प्रज्ञता का विमोचन भी मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। उप्र के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने उप्र इंजीनियर्स एसो. द्वारा आयोजित अभियंता दिवस समारोह में उपस्थित राष्ट्र निर्माताओं का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले, उत्कृष्ट अभियंता भारत रत्न एम? विश्वेश्वरैया जी की जयंती पर उनका स्मरण कर उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हूं। आज का आधुनिक भारत एम. विश्वेश्वरैया जी के ही बताए हुए मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। भारत रत्न एम. विश्वेश्वरैया जी भारत में टेक्नोलॉजी के ध्वजवाहक थे।

स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि आप सिर्फ एक अभियंता ही नहीं बल्कि इस राष्ट्र के निर्माता है। अभियंता किसी भी देश के विकास की रीढ़ होते हैं। किसी भी देश के विकास की नींव अभियंता ही रखते हैं। चाहे वह सड़कों का निर्माण हो, बिजली की आपूर्ति हो, जल प्रबंधन हो या तकनीकी नवाचार हर क्षेत्र में अभियंता की भूमिका अद्वितीय होती है। लोक निर्माण राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने अभियंता दिवस समारोह में उपस्थित अभियंताओं को बधाई देते हुए अभियंता समुदाय के गौरवशाली इतिहास का स्मरण किया और देश के महान इंजीनियर भारत रत्न एम. विश्वेश्वरैया जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए अभियंताओं से उनके आदर्शों पर चलने का आवाहन किया। लोक निर्माण राज्य मंत्री ने कहा कि हमारे अभियंताओं के पास नई ताकत है, नई चेतना है, जिसके बल पर वह असंभव को संभव करने की क्षमता रखते है। देश के आधारभूत सुविधाओं के विकास में आप सभी का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है।

## पर्यावरण संरक्षण कर सुखमय विश्व का निर्माण करेंः अमरनाथ

**लखनऊ।** हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा फाण्डेशन तथा सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्य प्रशिक्षण संस्थान की एक संयुक्त बैठक सरस्वती शोध संस्थान, निराला नगर में संपन्न हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हिन्दू एवं आध्यात्मिक सेवा फाउण्डेशन के पूर्वी उत्तर प्रदेश के संयोजक अमरनाथ ने कहा कि भारतवर्ष युगों से ही मानवता, मनुष्यता, जीवन मूल्य, जीव- जंतु तथा प्रकृति एवं पर्यावरण का महत्व समझकर इनका संरक्षण और संवर्धन करता आया है। विगत 200 वर्षों में पाश्चात्य की अवैज्ञानिक चमक दमक वाली विचारधारा के नाते ही आज विश्व पर्यावरण प्रदूषण, ओजोन परत में छेद, बढ़ता हुआ कार्बन उत्सर्जन, बढ़ती हुई बीमारियां, अशांति आदि का शिकार बन गया है। हम हिन्दुत्व की जीवन पद्धति को अपना एवं पर्यावरण संरक्षण करके एक सुखमय विश्व का निर्माण करें।

## महापौर ने ट्रांसफर स्टेशन का किया निरीक्षण



● जल्दी सुविधाए मिलने का दिया आश्वासन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**महापौर** द्वारा गोमतीनगर में ट्रांसफर स्टेशन का दौरा किया गया। महपौर द्वारा ट्रांसफर स्टेशन के कूड़ा के कलेक्शन संबंधी जानकारी अधिकारियों से किया गया। महापौर ने कहा कि जल्दी ही आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए बेहतर सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी। महापौर सुषमा खर्कवाल ने गोमती नगर के विनीत खंड में एलएसए के स्थापित ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया। कूड़ा प्रबंधन के लिए बनाए जा रहे कंपैक्टर ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण के दौरान जरूरी दिशा निर्देश जारी किए। महापौर ने बताया कि जल्द ही इस स्टेशन के माध्यम से कूड़ा निस्तारण में आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए बेहतर सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी। निरीक्षण के दौरान पार्षद शैलेन्द्र वर्मा, जोनल अधिकारी संजय यादव और जोनल सेनेट्री अधिकारी पंकज शुक्ला सहित नगर निगम और एलएसए की टीम उपस्थित रही।

## अनीस राजा चुनाव प्रचार के लिए नामित

**संवाददाता।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा को जम्मू एवं कश्मीर में हो रहे विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए विजयपुर में प्रचार-प्रसार के लिए नामित किया है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा से अपेक्षा की है कि वे तत्काल जम्मू एवं कश्मीर पहुंचकर अपने दायित्व का निर्वहन करें। सपा मुखिया के इस दायित्व के लिए समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा ने धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा जो दायित्व उन्हें दिया गया है। उसका वे इमानदारी से निर्वहन करेंगे।

## सरोजनीनगर के हर बुजुर्ग को कराए जायेंगे राममंदिर के दर्शनः डॉ. राजेश्वर

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्रवासियों के लिए रविवार का दिन विशेष रहा, एक तरफ 29वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा निःशुल्क बस सेवा का संचालन कर ग्राम पंचायत परवर पश्चिम के श्रद्धालुओं को अयोध्या के दर्शन कराया गया तो दूसरी तरफ अर्जुनगंज मण्डल के अंतर्गत ग्राम पंचायत निजामपुर मझिगांव में 88वां आपका विधायक - आपके द्वार जन सुनवाई शिविर आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं गईं एवं गाँव की शान पहल के अंतर्गत 4 ग्रामीणों को साइकिल, घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर के साथ ही निजामपुर मझिगांव में 39वां गर्ल्स यूथ क्लब स्थापित कर बेटियों को कैरम, वॉलीबॉल, फुटबॉल आदि खेलों की किट प्रदान की गईं। बता दें कि सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से प्रत्येक महीने में 2 दिन रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा फ्री बस सेवा का संचालन किया जाता है, जिसके माध्यम से हर बार अलग - अलग गावों के बुजुर्गों और महिलाओं को अयोध्या दर्शन कराया जाता है। यात्रा के दौरान उन्हें उनके गाँव से लाने ले जाने से लेकर रास्ते में नाश्ता, पानी तक की व्यवस्था विधायक कार्यालय के माध्यम से की जाती है। वापसी के समय श्रद्धालुओं को प्रसाद और श्रीमदभगवत गीता की प्रति देकर सम्मानित किया जाता है।

'आपका विधायक - आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित अनोखी पहल है जिसके माध्यम से विधायक की टीम हर रविवार एक गाँव में लैपटॉप, प्रिंटर और अन्य आवश्यक संसाधन लेकर पहुँचती है। विधायक की टीम द्वारा ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं जाती हैं और उनके समाधान के लिए सार्थक प्रयास किया जाता है। शिविर के दौरान ही गाँव के 4 मेधावियों को सम्मानित किया जाता है। निजामपुर मझिगांव में आयोजित शिविर के दौरान ग्रामवासियों ने वृद्धावस्था पेंशन से संबंधित 11 विधवा पेंशन से संबंधित 7, किसान सम्मान निधि से संबंधित पांच सहित करीब 35 समस्याओं/सुझावों से अवगत कराया।

### बगैर जाति, धर्म देखे दिया जा रहा योजनाओं का सीधा लाभ

**लखनऊ।** सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने ऐसा कुछ कर दिखाया जो दूसरों के लिए करना तो दूर सोचना भी बड़ी बात है। डॉ. राजेश्वर सिंह को बंथरा क्षेत्र में बढ़ती चोरियों की घटनाओं के बारे में सूचना मिली तो उन्होंने इस बात को पूरी गंभीरता से लिया। 11 सितम्बर 2024 को पूर्व केंद्रीय मंत्री और सरोजनीनगर के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कटी बगिया चौराहे पर 'चाय पे चर्चा' के दौरान इस मुद्दे के अगले 3 दिन में प्रभावी समाधान का दृढ निश्चय का संकल्प लिया। सरोजनीनगर विस को अपना परिवार मानने वाले डॉ. राजेश्वर सिंह ने त्काल पुलिस अधिकारियों से बात कर प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़वाई, यही नहीं, अपने संसाधनों से 10 गावों में 2 दिन के भीतर 100 लाइट्स लगवाकर चोरों के सपनों पर अंधियारा कर दिया। डॉ. राजेश्वर सिंह के प्रयासों से 12 गावों बंथरा बाजार, पहाड़पुर, ?बनी, सराय सहजादी, भौंकापुर, बेंती, लतीफनगर, गढ़ी चुनौटी, नारायणपुर, बीबीपुर, ऐन और नीवां में 2 दिन के भीतर 100 की जगह 110 लाइटें लगीं और चोरी की घटनाओं पर पूर्ण विराम लग गया। जनता के प्रति ऐसा समर्पण, ऐसी संवेदनशीलता आज की राजनीति में तो शायद ही देखने को मिले। एक तरफ जहाँ आज के नेता समाज में फूट डालने और राजनीति करने में व्यस्त हैं तो वहीँ डॉ. राजेश्वर सिंह बिना जाति, धर्म देखे लोगों को लोक हितकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचा रहे हैं। किसी ने ऐसे ही समर्पित, संवेदनशील जान प्रतिनिधि के लिए कहा है, कौन कहता है आसमाँ में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों।

# बसपा आगामी चुनावों में अपनी खोई सियासी जमीन वापस पाना चाहती है, आकाश को सौंपी अहम जिम्मेदारी

**भाषा।** लखनऊ

**एक** के बाद एक कई चुनावी असफलताओं के बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अब अपनी खोई हुई सियासी जमीन को फिर से हासिल करने के लिए आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव और उत्तर प्रदेश के उपचुनावों पर ध्यान दे रही है। इस लक्ष्य को हासिल करने में पार्टी के युवा राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। बसपा प्रमुख मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने पिछले 10 महीनों में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। मायावती ने दिसंबर 2023 में उन्हें अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी नामित किया था पर बाद में उन्हें अपरिपक्व कहकर पद से हटा दिया, लेकिन लोकसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के बाद उन्हें उनके पदों पर फिर से बहाल कर दिया गया। फिलहाल 29 वर्षीय आकाश आनंद को शुक्रवार को जारी हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया गया है। सूची में उनका नाम मायावती और उनके पिता आनंद कुमार के ठीक बाद है।

हालांकि, सूत्रों ने कहा कि आकाश आनंद के हालिया भाषण लोकसभा चुनाव से पहले उनकी रैलियों में दिए गए भाषणों की तुलना में अधिक संतुलित पाए गए।

बसपा की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने पीटीआई-भाषा से कहा कि हरियाणा चुनाव के बाद आकाश भैया को उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीट के लिए होने वाले उपचुनाव की भी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। पाल ने कहा कि बहन जी (मायावती) ने अभी आकाश भैया को हरियाणा चुनाव में लगाया है। आकाश आनंद की राजनीति में शुरुआत 2017 में हुई थी। वह 2024 के लोकसभा चुनाव में अपने तेज तर्रार भाषणों से चर्चा में आए थे। इसके बाद उन पर असंसदीय भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगा और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके बाद बसपा प्रमुख मायावती ने मई माह उन्हें अपरिपक्व बताकर अपने उत्तराधिकारी और राष्ट्रीय समन्वयक के पद से हटा दिया था। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद करीब डेढ़ महीने बाद पार्टी की पहली समीक्षा बैठक में मायावती ने पहला फैसला भतीजे आकाश आनंद को अपना एकमात्र राजनीतिक उत्तराधिकारी और पार्टी का राष्ट्रीय समन्वयक फिर से नियुक्त करने का लिया था। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से उन्हें (आकाश आनंद) पहले से अधिक सम्मान देने का आग्रह किया था।

दलित चिंतक और लविवि में हिंदी विभाग के प्रोफसर रविकांत ने पीटीआई-भाषा से कहा, लोकसभा चुनाव के बीच में आकाश को सक्रिय राजनीति से हटाए जाने के मायावती के फैसले से पार्टी से जुड़े युवाओं को काफी निराशा हुई। आकाश के बगावती तेवर और उनके द्वारा भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर सीधा हमला युवाओं के मन को भा रहा था। इस पर अचानक रोक लगाए जाने से युवाओं को काफी निराशा हुई और इसका खामियाजा पार्टी को लोकसभा चुनाव में उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि आकाश पर रोक लगाए जाने से युवाओं के बीच यह संदेश गया कि पार्टी भाजपा और संघ से दबती है। इसका आकलन बसपा नेतृत्व ने जल्दी ही कर लिया और डेढ़ महीने के अंदर आकाश की पार्टी में ससम्मान वापसी हो गई। रविकांत कहते हैं कि अब आकाश को युवाओं का साथ एक बार फिर से प्राप्त करने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ेगी और युवाओं की पार्टी में वापसी का असर अभी नहीं, लेकिन 2027 के उप्र विधानसभा चुनाव में जरूर नजर आएगा।

आकाश आनंद ने लंदन से एमबीए की



शिक्षा हासिल की है और उनका विवाह पार्टी के एक पदाधिकारी की डॉक्टर बेटी से 2023 में हुआ था। इस साल की शुरूआत में आकाश ने पार्टी से युवाओं को जोड़ने के लिए एक टेलीफोन नंबर जारी किया था जिसमें मिस कॉल देकर युवा पार्टी से जुड़ सकते हैं। इस अभियान का शीर्षक था, मेरे साथ चलें, बीएसपी से जुड़े। आकाश ने अपने एक्स अकाउंट पर कई ऐसी तस्वीरें पोस्ट कीं जिसमें वह प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के युवा छात्रों से मिलते दिखाई दे रहे हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में आगरा के कोठी मीना बाजार मैदान में आकाश आनंद ने पहली रैली को संबोधित किया था। इस रैली मे बसपा प्रमुख मायावती शामिल नहीं हुई थीं, लेकिन रैली के मंच पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव, रालोद मुखिया अजित सिंह और बसपा महासचिव सतीश मिश्रा मौजूद थे। इस रैली में मायावती के स्थान पर आकाश के संबोधन से उनके कद में काफी इजाफा हुआ और तभी से माना जाने लगा कि आकाश ही मायावती के उत्तराधिकारी होंगे।

राजस्थान विधानसभा चुनाव के पहले आकाश आनंद ने सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय संकल्प यात्रा भी निकाली थी। यह पदयात्रा राजस्थान के कई विधानसभा इलाकों से गुजरी थी। इस यात्रा को बहुजन अधिकार यात्रा भी कहा गया था। बसपा में रोड शो या फिर पद यात्रा करने की परंपरा नहीं थी,बसपा अध्यक्ष मायावती आमतौर पर बड़ी चुनावी रैलियां करती हैं जिसमें सारा जोर भीड़ जुटाने पर होता है। लेकिन आकाश आनंद ने रोड शो निकालकर एक नई परंपरा की शुरूआत की। आकाश आनंद को पहली बार 2019 में बसपा का राष्ट्रीय समन्वयक नियुक्त किया गया था। पिछले साल दिसंबर में उन्हें मायावती ने अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी घोषित किया था।

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए इनेलो और बसपा के बीच जुलाई में गठबंधन हुआ था, इसके अनुसार प्रदेश की 90 विधानसभा सीट में से इनेलो 53 सीट पर और बसपा 37 सीट पर लड़ रही है। इनेलो-बसपा गठबंधन की तरफ से अभय चौटाला को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाया गया है। हरियाणा विधानसभा का चुनाव पांच अक्टूबर को है। पार्टी के नजदीकी सूत्रों का कहना हैं कि पार्टी अध्यक्ष मायावती ने हरियाणा विधानसभा चुनावों की पूरी कमान आकाश आनंद को सौंप दी है। आकाश अब तक हरियाणा में एक दर्जन से अधिक जनसभाएं कर चुके हैं। यहीं नहीं इनेलो के साथ गठबंधन करने में भी मायावती ने आकाश को आगे रखा था। पार्टी के करीबी सूत्रों का कहना हैं कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में आकाश ने फिर से चुनावी रैलियों की शुरुआत कर दी है। उनकी चुनावी रैलियों में उनके भाषण पहले की तरह युवाओं पर ही केंद्रित हैं। वह विभिन्न परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक का मुद्दा उठा रहे हैं, शिक्षा और रोजगार की बात कर रहें हैं। वह युवाओं से पूछ रहे हैं कि क्या उनको ऐसी सरकार चाहिए जो रोजगार और शिक्षा नहीं दे सके? क्या उन्हें ऐसी सरकार चाहिए जो आरक्षण को खत्म कर दे?

पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि देर से ही सही लेकिन आकाश आनंद को दोबारा जिम्मेदारी मिलने से पार्टी में नई जान आ गई है। बसपा प्रदेश अध्यक्ष पाल ने दावा किया, वर्ष 2027 में 2007 की तर्ज पर बिना किसी से गठबंधन के हम उप्र में फिर से सरकार बनाएंगे। 2027 में उप्र विधानसभा का चुनाव अकेले लड़ेंगे, वर्ष 2007 की तर्ज पर लड़ेंगे और बहन जी को देश के सबसे बड़े प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएंगे। 2007 में हमने (बसपा) किसी भी दल से गठबंधन नहीं किया था और हमने 206 सीट जीती थीं। बसपा ने वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में उप्र की सभी 80 सीट पर अकेले चुनाव लड़ा था लेकिन उसका खाता तक नहीं खुला। इसी तरह 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 403 सीट पर अकेले चुनाव लड़ा और केवल एक सीट पर जीत हासिल कर सकी, जबकि 287 सीट पर पार्टी की जमानत जब्त हो गई थी। उत्तर प्रदेश की करहल, मिल्कीपुर, कटेहरी, कुंदरकी, गाजियाबाद, खैर मीरापुर, फूलपुर, मझवा और सीसामऊ विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव होना है। अभी उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है। सीसामऊ सीट सपा विधायक इरफान सोलंकी को अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने के चलते उनकी सदस्यता रद्द होने से रिक्त हुई है। बाकी सीट पर सम्बन्धित विधायकों के लोकसभा के लिए चुने जाने के कारण उपचुनाव जरूरी हो गया है।

## पुलिस ने 6 वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, भेजा कोर्ट

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के द्वारा जनपद के वाँछित वारण्टी पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस टीम द्वारा रविवार को भिन्न भिन्न मामलों में कुल 3 वारण्टी अभियुक्तों जय मूरत पुत्र स्व0 सहदेव चेरो उम्र करीब 58 वर्ष में कुल 3 वारण्टी अभियुक्तों जय मूरत पुत्र स्व0 सहदेव चेरो उम्र करीब 58 वर्ष निवासी ग्राम रामपुर थाना रामपुर बरकोनिया, बाबूराम पुत्र स्व0 शिव नारायन गोड़ उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम रामपुर थाना रामपुर बरकोनिया रामसूरत पुत्र स्व0 छोटे धांगर उम्र करीब 48 वर्ष नि0 भीखमपुर थाना रामपुर बरकोनिया को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी। वही ओबरा पुलिस टीम द्वारा राजबहादुर पुत्र स्व0 ललई उम्र 37 वर्ष निवासी बिल्ली मारकुण्डी थाना ओबरा इमरान अंसारी पुत्र सत्तार अंसारी उम्र 33 वर्ष निवासी बिल्ली पोखरा थाना ओबरा रविन्दर पुत्र अनिरूद्ध जायसवाल उम्र करीब 50 वर्ष निवासी खैरटिया थाना ओबरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम रामपुर बरकोनिया प्र0नि0 मनोज कुमार उ0नि0 सरीमन सोनकर प्रभाकर मिश्रा ओबरा उ0नि0 राजेश दुबे राम सिंह यादव धर्मनारायण भार्गव सतीश कुमार सिंह समेत अन्य पुलिस कर्मी सामिल रहें।

## ईद मिलाद उन नबी जुलूस की अनुमति देते समय शांति कायम रखने को जुलूस नियंत्रित करने का आदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बिजनौर नजीबाबाद में ईद मिलादुन्नबी जुलूस बारावफात 17 सितंबर को निकालने की अनुमति देने पर एसडीएम को सकारण निर्णय लेने और याची को सूचना देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाय कि जुलूस से एरिया की शांति व प्रशांति भंग न होने पाए। सुरक्षा की अपनी जिम्मेदारी शासन निभाएं। कोर्ट ने कहा है कि यदि वह जुलूस निकालने की अनुमति देते हकोर्ट ने कहा है कि यदि वह जुलूस निकालने की अनुमति देते हैं तो वह जुलूस में शामिल होने वालो की संख्या मार्ग समयावधि तय कर नियंत्रित कर सकते हैं। यह भी सुनिश्चित करें कि जुलूस में कोई अस्त्र शस्त्र लेकर शामिल न होने पाए। मार्ग और एरिया की सुरक्षा की जाय।इन बातों पर जुलूस की अनुमति देने से पहले विचार कर लिया जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ तथा न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ल की खंडपीठ ने खिदमत खल्क एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी व अन्य की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है।

## भव्यता से हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज

प्रयागराज। इस साल सारेगामापा की वापसी के साथ भारत के इस आइकॉनिक सिंगिंग रियलिटी शो ने लगभग तीस वर्षों से उभरते टैलेंट को लांच करने की अपनी विरासत जारी रखी है। यह शो नई आवाज़ नया अंदाज़ का फ्लेवर लाया है। जिसे हाल ही में मुंबई में हुए एक शानदार समारोह में लांच किया गया। इस शो का प्रीमियर चौदह सितंबर से हर शनिवार और रविवार रात नौ बजे शुरू हो गया है। इस दौरान गुरु रंधावा सचिन जिगर और सचेत परंपरा अपनी जोरदार और दिल छू लेने वाली परफोर्मेंस के साथ दर्शक पर छा गए। हालांकि जब गानों की थीम भाईचारे और दोस्ती पर आकर ठहरी तो उन्होंने रुककर एक ऐसे लेजेंड का सम्मान किया जो उनके दिल के बेहद करीब है।जिगर सरैया ने कहा हम दोस्ती और भाईचारे की बात कर रहे हैं तो मुझे लगता है कि हम यह किए बिना इन गानों को खत्म नहीं कर सकते।

## दाखिल किया डीआरएचपी

वाराणसी। रीग्रीन.एक्सेल ईपीसी इंडिया लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। इथेनॉल संयंत्रों से संबन्धित अग्रणी कंपनियों में सबसे नई निर्माता कंपनी और आपूर्तिकर्ता के तौर पर पहचाना जाता है । कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल शामिल है। कंपनी नए निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग कंपनी की पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं को पूरा करने कंपनी द्वारा लिए गए कुछ उधारों का पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतानध्पूर्व भुगतान, बैंक गारंटी प्राप्त करने के उद्देश्य से मार्जिन मनी आवश्यकताओं को पूरा करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करने का प्रस्ताव करती है।

सार्वजनिक प्रस्ताव की बोली आजः
नॉर्दर्न आर्क कैपिटल लिमिटेड 16 सितंबर को इक्विटी शेयरों के अपने आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव के संबंध में अपनी बोली प्रस्ताव खोलेगी। आइपीओ में ? 5000 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू और विक्रय शेयरधारकों द्वारा 10ए532ए320 इक्विटी शेयरों की बिक्री के लिए एक प्रस्ताव शामिल है ;ष्बिक्री के लिए प्रस्तावष् और ताजा इश्यू के साथए ष्प्रस्तावष्द्ध प्रस्ताव के लिए मूल्य बैंड ?249 से ?263 प्रति इक्विटी शेयर है। ;ष्मूल्य बैंडष्द्ध कर्मचारी आरक्षण भाग में बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को प्रति इक्विटी शेयर ?24 की छूट दी जा रही है।

# महाकुंभ की अधूरी तैयारियों पर हटाए गए डीएम व वीसी पीडीए!

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



### नवागत जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने संभाला कार्यभार

**प्रयागराज।** प्रयागराज के नवागत जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने रविवार को कोषागार में कार्यभार ग्रहण कर लिया। वर्ष 2013 बैच के आईएएस अधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ इसके पूर्व जनपद रामपुर जौनपुर में जिलाधिकारी के पद पर कार्यरत रह चुके हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवनियुक्त जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनसे सम्बंधित कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूजा मिश्रा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी नजूल प्रदीप कुमार नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह सहित तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।

### आईएएस नवनीत सिंह चहल हुए डिमोट, भानुचंद्र गोस्वामी को मिला प्रमोशन अरविंद चौहान भेजे गए शामली

### लचर कार्यशैली को लेकर प्रयागराज के कमिश्नर पर लटक रही तलवार, शीघ्र हो सकता है तबादला

**शासन** ने करीब दो दर्जन आईएएस अफसरों को नयी तैनाती दी है। इसमें कई आईएएस को जहां अच्छी तैनाती मिली है वहीं दो आईएएस को डिमोट भी किया गया है। क्योंकि वह दोनों अफसर महाकुंभ 2025 की तैयारियों को लेकर गंभीर नजर नहीं आए। इसमें जिलाधिकारी प्रयागराज नवनीत सिंह चहल को प्रयागराज जैसे जिले से डिमोट करके आजमगढ़ का डीएम बनाया गया है। वहीं दूसरे आईएएस अधिकारी अरविन्द कुमार चौहान हैं जो प्रयागराज विकास प्राधिकरण प्रयागराज पीडीए के उपाध्यक्ष और प्रभारी संभागीय खाद्य नियंत्रक प्रयागराज मण्डल आरएफसी थे। उन्हें भी डिमोट कर शामली जिले का डीएम बनाया गया है। सबसे ज्यादा अवैध निर्माण दिन रात हो रहा है लेकिन पीडीए के अफसर आपस में लड़ते रहे। अब प्रयागराज के कमिश्नर विजय विश्वास पंत पर भी तबादले की तलवार लटक रही है क्योंकि वह भी महाकुंभ 2025 की तैयारियों को लेकर गंभीर नहीं है क्योंकि महाकुंभ के अधिकांश कार्य पिछड़े हुए हैं और उन सभी कार्यो की बराबर मानीटरिंग नहीं हो पा रही थी। महाकुंभ के तैयारियों के दौरान नगर निगम और प्रयागराज विकास प्राधिकरण का काम सबसे पिछड़ा हुआ चल रहा है। जिसके महाकुंभ तक पूरा होने की संभावना नहीं है। प्रयागराज के निवर्तमान डीएम नवनीत सिंह चहल और पीडीए वीसी अरविन्द कुमार चौहान पर आरोप था कि यह लोग महाकुंभ 2024 2025 की तैयारियों को लेकर गंभीर नहीं थे। निवर्तमान डीएम नवनीत सिंह चहल महाकुंभ की तैयारियों को लेकर फील्ड में बहुत कम निकलते थे तो वहीं पीडीए वीसी अरविन्द कुमार चौहान अपनी विवादित कार्यशैली समय से निर्णय न लेने वरिष्ठ अफसरों और जूनियर अफसरों से विवाद एवं महाकुंभ के कार्यों की ठीक से मानीटरिंग न कर पाने की वजह से पीडीए के वीसी पद से हटा दिए गए।करीब छह माह पूर्व एक महिला द्वारा वीसी के चैम्बर में शादी को लेकर जमकर हंगामा हुआ था। जिसकी रिपोर्ट प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अफसरों ने शासन को भेज दिया था। निवर्तमान पीडीए वीसी करीब चार वर्ष वीसी के पद पर थे लेकिन आम जनता के लिए नये फ्लैट बनाना या नई योजना शुरू करने के लिए जमीन अधिग्रहण नहीं कर पाए जो कि इनकी सबसे बड़ी विफलता साबित हुई। शासन के सीधे हस्तक्षेप पर माफिया अतीक अहमद के कब्जे वाले लूकरगंज में जमीन पर गरीबों के 75 फ्लैट बने थे लेकिन उसमें भी पीडीए वीसी नहीं बल्कि पुलिस प्रशासन के अफसरों ने खड़े होकर वहां निर्माण कराया था। बताया जा रहा है की सबसे ज्यादा अवैध निर्माण पीडीए वीसी अरविन्द कुमार चौहान के कार्यकाल में दिन रात हो रहा था लेकिन अफसर बंदरबांट को लेकर आपस में लड़ते रहे। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आगरा के डीएम भानुचन्द्र गोस्वामी के कद में बढ़ोतरी हुई है। उनको प्रदेश के सबसे प्रमुख पद राहत आयुक्त के पद पर तैनाती दी गयी है। इस पद पर पहले आईएएस जीएस नवीन कुमार तैनात थे लेकिन शासन के अधिकारी उनकी कार्यशैली से नाराज़ थे। प्रदेश के नवनियुक्त राहत आयुक्त भानुचन्द्र गोस्वामी सुल्तानपुर निवासी हैं। वह 2009 बैच के वरिष्ठ आईएएस हैं। भानुचन्द्र गोस्वामी एक व्यवहार कुशल ईमानदार आम लोगों के हित में काम करने वाले और दबंग आईएएस अफसर हैं। जो जौनपुर प्रयागराज और आगरा जैसे महत्वपूर्ण जिलों में डीएम और प्रयागराज विकास प्राधिकरण प्रयागराज के वीसी थे। आज प्रयागराज शहर की जो अतिक्रमण मुक्त चौड़ी सड़कें सजे हुए चौराहे गलियां फुटपाथ डिवाइडर और सुंदर वाल पेंटिंग से सजी शहर की बिल्डिंग हैं वह सब आईएएस भानुचन्द्र गोस्वामी की देन थी। शहर की सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए सड़क के बीच किनारे और चौराहों पर स्थित दो सौ से ज्यादा अवैध धार्मिक निर्माणों को रातों रात ध्वस्त कराकर शानदार चौड़ी सड़कें बनाई गईं थी। शहर में चार फ्लाईओवर का निर्माण भी उन्ही की देन है।

## उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी को मजबूत किया जाएगाःमनीष



**मिर्जापुर।** 15 सितम्बर को सीटी ब्लाक के नेवढ़िया न्याय पंचायत में मझवा विधान सभा उपचुनाव के तैयारी के लिए बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं पूर्वांचल के प्रभारी मनीष मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को ब्लॉक एवं न्याय पंचायत स्तर पर मजबूत किया जाएगा तभी होने वाले मझवा विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन कांग्रेस पार्टी मजबूती से लड़ेगी श्री मिश्रा ने कहा कि जब से केंद्र एवं प्रदेश में बीजेपी की सरकार आई है जनता को ठगने का काम किया है। पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने बैठेक को संबोधित करते हुए कहा कि मझवा विधानसभा उपचुनाव के लिए इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी को सभी लोग मिलकर जिताया जाएगा तभी इस क्षेत्र का विकास होगा श्री चौधरी ने कहा कि बीजेपी सरकार में विकास हुआ ही नहीं हैं। जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष डॉ शिवकुमार सिंह पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि बूथ कमेटियों एवं संगठनात्मक मामले की समीक्षा एवं उनको सक्रिय करने के लिए ब्लॉक एवं न्याय पंचायत स्तर पर काम किया जा रहा है।

## किसी कार्यकर्ता का मान सम्मान गिरने नहीं पायेगा



**अंबेडकर नगर।** भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी की कार्यकाल के एक वर्ष पूरे होने पर भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में भाजपा जिला उपाध्यक्ष डाक्टर रजनीश सिंह एवम भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ बुकेएअंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस बीच भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में गुब्बारों और फूलों की पंखुड़ियों से सजाया गया था। भाजपा जिलाध्यक्ष ने फूलों से कमल बने आकृति के सामने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ 1 साल बेमिसाल लिखी हुई केसरिया केक काटते हुए कहा कि आज भाजपा कार्यकर्ताओं की स्नेहिल भव्य स्वागत से अभिभूत भाउक होते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि आज मेरे भाजपा जिलाध्यक्ष के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर जिस प्रकार से भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आत्मीय भाव से मेरा स्वागत किया है यह मेरे लिए अविस्मरणीय पल है। हमें जनपद के कार्यकर्ता दिल से स्नेह करते हैं इसका अनुभव आज कार्यकर्ताओं की स्नेहिल स्वागत से प्रमाणित होता है।कहा कि हमारे लिए भाजपा कार्यकर्ता एक परिवार की तरह हैं।कार्यकर्ताओं के लिए हमारा हर क्षण समर्पित है।आज हमारा हमारे अपने परिवार ने जिस प्रकार से आत्मीय स्वागत किया है। हम कार्यकर्ताओं के आजीवन ऋणी रहेंगे। कहा कि हमारे रहते हुए कभी भी किसी कार्यकर्ता का मान सम्मान गिरने नहीं पायेगा। जिस प्रकार से आज हमारा स्वागत कार्यकर्ताओं ने किया है यह दिखता है कि कार्यकर्ता हमें परिवार का ही एक सदस्य समझते हैं।उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्माएजिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादवएभाजपा जिलामंत्री विनय पाण्डेयएपूर्व जिला उपाध्यक्ष अमित पाण्डेयएसह जिला मीडिया प्रभारी बजरंगी पाठक, मण्डल अध्यक्ष शिव पूजन राजभरआदि शामिल रहे।

## एनटीपीसी रिहंद में हुआ स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ




**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी रिहंद में 14 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान की शुरुआत शनिवार को प्रशासनिक भवन में स्वच्छता के प्रति समर्पण की शपथ के साथ की गई। कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। परियोजना प्रमुख और मुख्य महाप्रबंधक पंकज मेदीरत्ता ने सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने इस अवसर पर स्वच्छता को जीवन के हर क्षेत्र में लागू करने पर बल दिया। शपथ के माध्यम से कर्मचारियों को साफसफाई को प्राथमिकता देने की प्रेरणा दी गई। मेदीरत्ता ने यह भी कहा कि स्वच्छता की आदतें न केवल कार्यस्थल, बल्कि व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने सभी से स्वच्छ और स्वस्थ माहौल बनाए रखने में योगदान देने की अपील की।

## कर्मचारी आवास का न्यायमूर्ति ने किया लोकार्पण



**सोनभद्र।** प्रशासनिक न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद सौरभ श्रीवास्तव ने रविवार को वाह्य न्यायालय ओबरा परिसर में स्थित अधिकारी आवास, टाइप 5 एवं कर्मचारी आवास टाइप फर्स्ट व सेकंड का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश रविन्द्र विक्रम सिंह, जिलाधिकारी बी एन सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, सहित अन्य न्यायाधीश, उप जिलाधिकारी ओबरा एवं परियोजना प्रबंधक सी0एन0डी0एस उपस्थित रहें। इसके पश्चात प्रशासनिक न्याय मूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद सौरभ श्रीवास्तव, जनपद न्यायाधीश रविन्द्र विक्रम सिंह, जिलाधिकारी बीएन सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी किया।

## कोल बस्ती में चला भाजपा महापर्व सदस्यता अभियान



**सोनभद्र।** जनपद मुख्यालय स्थित विधानसभा घोरावल के कोल बस्ती में रविवार को भाजपा महापर्व सदस्यता अभियान चलाया गया अभियान के दौरान 55 लोगों को सदस्यता दिलाया गई। इस दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष व सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य प्रदेश सदस्य रामचंद्र कनौजिया के दिशा निर्देश में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है उन्होने बताया कि भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा घर घर जाकर सदस्यता करने का कार्य किया जा रहा है भाजपा द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 880002024 पर मिस कॉल देकर सदस्य बना जा सकता है जिसमें आपको सदस्यता ग्रहण होते ही पार्टी का कार्ड बनाकर मोबाइल पर उपलब्ध हो जाएगा। श्री रावत ने बताया कि जनपद में उत्साह के साथ भाजपा महापर्व सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें लोगो का भी सहयोग मिल रहा है। सदस्यता अभियान के दौरान मनोज कनौजिया रवि कनौजिया अमन वर्मा राजेंद्र कुमार अभिषेक कुमार आलोक रावत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## छात्राएं हर क्षेत्र में दे रहीं योगदान

### मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**सोनभद्र।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सामाजिक संस्था सोनांचल सेवा मंच द्वारा ओबरा स्तरीय मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष चांदनी रही। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि छात्राएं अब सामाजिक रूप से हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रही हैं। मेहंदी लगाने के हुनर को उनके जीवन में उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यह हुनर अपने व्यक्तित्व के विकास के लिए बहुत ही आवश्यक है। प्रतियोगिता में प्रगति माली प्रथम, कुमारी श्रेया द्वितीय, नेहा तृतीय के साथ साथ स्नेहा चौहान, इशिका गौतम, सिमरन, करिश्मा बानो, अनोखी कुमारी, कु0 अंकिता चांदनी बानो, आयसा परवीन, ज्योत्सना सिंह, जिया राव ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। गायकी में आयशा परवीन प्रथम, नेहा द्वितीय, रेनू पासवान तृतीय रही। पुरस्कार प्राप्त कर छात्राओं के बीच उत्साह एवं उमंग का माहौल देखा गया। मंच के संयोजक अशोक कुमार यादव एवं अध्यक्ष सुशील कुमार कुशवाहा ने बताया कि हर वर्ष नारी शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए सोनांचल सेवा मंच अपने उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और जागरूकता के तहत कार्यक्रमों को करता रहता है जिससे बच्चों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती रहती है। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर सिंह, जल पुरुष रमेश यादव कामरेड लालचंद, सोनाचल सेवा मंच के महासचिव अनूप सेठ, उपाध्यक्ष दीनानाथ शर्मा, सचिव विजय विश्वकर्मा, योग गुरु अजय पाठक, महिला इकाई की अध्यक्ष उषा शर्मा, छात्र नेता पवन यादव की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्तिक द्विवेदी, सौरभ श्रीवास्तव, रिंकी यादव, सुधा, राधिका, सज्जाद अली, संजीता सिंह, सुनैना, सुषमा कुशवाहा, प्रेम शंकर वर्मा, संजू श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव, सरिता सिंह, पुष्पा दुबे, निर्मला भटनागर का योगदान रहा।

### कानून व्यवस्था के साथ ही खाकी कर रही रिश्तों को मजबूत

सोनभद्र। जनपद में मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को महिला थाना रॉबर्ट्सगंज पर आयोजित परामर्श केन्द्र में थानाध्यक्ष महिला थाना, सविता सरोज व टीम द्वारा महिला थाना रॉबर्ट्सगंज में पति पत्नी के बीच चल रहे विवाद के सम्बंध में 05 जोड़ें पति पत्नी की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें सुलझाया गया जिससे पति पत्नी राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए। इसके अतिरिक्त एक प्रकरण में अग्रिम तिथि निर्धारित की गई। काउंसलिंग के दौरान महिला थानाध्यक्ष द्वारा परामर्श केन्द्र में आये दम्पतियों की पारिवारिक सम्बंधी प्रकरणों में उनकी काउंसलिंग की गयी तथा पति पत्नी को आपस में विवाद को खत्म कर सुलह समझौता कराते हुए साथ में रहने के लिए प्रेरित किया गया जिससे दोनों जोड़े हंसी खुशी साथ मे रहने हेतु तैयार हो गये जिस पर पुलिस द्वारा उन्हें उनके आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

# स्वभाव और संस्कार स्वच्छता की थीम के साथ आयोजित होगा स्वच्छता पखवाड़ा

### उत्तर मध्य रेलवे की ओर से 17 सितंबर से 15 अक्टूबर तक होगा स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे के द्वारा भारत सरकार की योजना के अनुरूप इस वर्ष स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन 17 सितंबर से 15 अक्टूबर तक होगा। उत्तर मध्य रेलवे में स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता नारे के साथ स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ मंगलवार 17 सितंबर से होगा। महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जोशी द्वारा साइकिल जागरूकता रैली एवं वृक्षारोपण के साथ किया जाएगा। पखवाड़े में मुख्यालय के साथ साथ सभी मंडलों एवं कारखाने एवं स्टेशनों में स्वच्छता शपथ भी ग्रहण करायी जाएगी। इस पूरे पखवाड़े में स्वच्छता जागरूकता एवं स्वच्छता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। इन गतिविधियों में स्वच्छता की भागीदारी संपूर्ण स्वच्छता स्वच्छता लक्ष्य इकाई सफाई मित्र सुरक्षा शिविर एक पेड़ मां के तहत वृहद वृक्षारोपण स्वच्छता पर प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक इत्यादि प्रमुख हैं। वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी डा अमित कुमार मालवीय ने बताया कि अभियान में उन स्थानों को भी चिन्हित किया जा रहा है जहां पर समांतर साफ सफाई नहीं हो पाती है और इन स्थानों को पूर्ण रूप से साफ किया जाएगा। उत्तर मध्य रेलवे में इस तरह के कुल 250 स्थान पर पहचान की गई है। साफ सफाई के साथ.साथ इस बात का भी ध्यान रखा जाएगा कि जो कूड़ा साफसफाई के उपरांत निकलेगा उसका पूर्णतया निराकरण किया जाएगा।सरकारी प्रयासों के साथ साथ अभियान में आमजन की भागीदारी भी अपेक्षित है। उत्तर मध्य रेलवे ने रेलगाड़ियों में खाने पीने का सामान इधर उधर ना फैलाने का निवेदन किया गया गली। कहा गया कि कूड़ा कूड़ेदान में ही डालें सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करें। प्लेटफार्म में गीले एवं सूखे कूड़े के लिए अलग अलग कूड़ेदान लगाए गए हैं। उत्तर मध्य रेलवे की सभी रेलगाड़ियां में बायो टॉयलेट लगा हुआ है। यात्रियों से निवेदन है कि टॉयलेट में किसी भी तरह का कूड़ा ना डालें पानी का दुरुपयोग न करें।

## इफ्को में हुआ जागरूकता रैली का भव्य आयोजन

### प्रथम महिला विनीता कुदेशिया ने दिखाई हरी झंडी




**प्रयागराज।** इफको घियानगर फूलपुर में स्वच्छता पखवाड़े के उपलक्ष्य में रविवार को सामुदायिक जागरूकता हेतु स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इफको फूलपुर इकाई की प्रथम महिला विनीता कुदेशिया ने फीता काट कर रैली को रवाना किया। स्वच्छता रैली बैनर पोस्टर तथा स्वच्छता जागरूकता के नारों के साथ निकाली गई जो कि स्वच्छता का संदेश दे रही थी। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया ने कहा कि हम स्वच्छता अभियान में भारत सरकार के सभी निर्देशों का पालन कर रहे है। उन्होंने बताया कि इफको कालोनी को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए हम कपड़े के बैग का वितरण पहले ही कर चुके हैं ताकि लोग रोजमर्रा के जीवन में इसी का इस्तेमाल करें। उन्होंने प्रशासनिक भवन को प्लास्टिक मुक्त घोषित किया। इसके अतिरिक्त स्वच्छता विषय पर सभी वर्ग के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजनइसके अतिरिक्त स्वच्छता विषय पर सभी वर्ग के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समन्वय जनसम्पर्क अधिकारी स्वयम प्रकाश ने किया। इस दौरान महाप्रबंधक संजय वैश्य एम डी मिश्र संजय भंडारी संयुक्त महाप्रबंधक रत्नेश कुमार एस के सिंह ए के गुप्ता विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर एवं बड़ी संख्या में बच्चें महिलाएं तथा इफको कर्मचारी शामिल रहे। यह जानकारी स्वयम प्रकाश जनसम्पर्क अधिकारी इफको फूलपुर ने दी।

## भाजपा सदस्यता अभियान की गति तेज



**गाजीपुर।** प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के आने के बाद भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान अब तेज गति पकड़ लिया है सभी जिम्मेदार कार्यकर्ता घर.घर जाकर लोगों को मिस्ड कॉल के माध्यम से सदस्यता ग्रहण करा रहे है।आज रविवार को जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने नगर मंडल के बूथ संख्या 228 व 234 दो बूथों पर रहकर जहां सदस्यता ग्रहण कराया और कहा कि देश भारतीय जनता के नेतृत्व नित्य नही प्रगति कर रहा है। देश का सम्मान और आर्थिक विकास दर लगातार बढ़ रहा है। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने सैदपुर विधानसभा में प्रवास करते हुए सैदपुर पश्चिमी मंडल के बूथ संख्या 197 जैनपुरए बूथ संख्या 21 सौनाए सिंगारपुरए नेवादाए फरीदहा आदि गांवों मे सदस्यता कराया तथा कार्यकर्ताओं से ज्यादा से ज्यादा सदस्यता कराने का आग्रह किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व क्षमता आज देश की गरिमा को गौरव प्रदान कर रहा है। पार्टी नेता सुबाष चौहान ने रविवार को सैदपुर विधानसभा के मुर्तुजीपुर गांव में बुथ संख्या 157 पर सैकड़ों लोगों को मोबाइल मिस्ड कॉल करके सदस्य बनाया।

## गाँव की आधी आबादी ने ली भाजपा की सदस्यता

गाजीपुर। भाजपा द्वारा चलाया जा रहा अटल सदस्यता अभियान कार्यक्रम तहत आज राज्यसभा सांसद डाण् संगीता बलवंत ग्रामसभा सराय.शरीफमें कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।डाण् संगीता बलवंत ने पूरे गाँव की महिलाओं और पुरुषों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करायीए महिलायें काफी अधिक संख्या में उपस्थित थी और अपने बीच अपनी सांसद द्वारा भाजपा सदस्य बन कर खुश थी। राज्यसभा सांसद ने कहा की भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़ए समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है।

# सदस्यता अभियान के द्वारा हर व्यक्ति को भाजपा से जोड़ेंगे: डॉ.भोला सिंह

**संवाददाता।** गौरीगंज, अमेठी



**गौरीगंज** स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर सदस्यता अभियान को लेकर एक बैठक आहूत हुई बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र ने की। बैठक के मुख्य अतिथि डॉक्टर भोला सिंह सांसद लोकसभा बुलंदशहर एवं राष्ट्रीय महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा रहे।

मुख्य अतिथि सांसद डॉक्टर भोला सिंह ने संबोधित करते हुए कहा ने कि हम फिर एक बार सदस्यता अभियान के माध्यम से हर व्यक्ति व हर वर्ग को भाजपा से जोड़ने का काम करेंगे।हम केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं व नीतियों को लेकर जनता के बीच पहुंचेंगे। साथ ही विपक्ष द्वारा फैलाई गए झूठ,भ्रम और देश व समाज को तोड़ने की राजनीति को बेनकाब करने का काम करेंगे।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में देश व प्रदेश की तस्वीर बदली है।जन अपेक्षाओं को पूरा करने का काम हुआ है।अब सदस्यता अभियान के माध्यम से जनमानस को भाजपा परिवार से जोड़ना है। प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने है। हमको बूथ तक ही नहीं हर घर तक पहुंचना है। उन्होंने कहा सदस्यता पार्टी संगठन के विस्तार का एक बड़ा अवसर है। हमें शिक्षक, व्यापारी, चिकित्सक, अधिवक्ता, साहित्यकार, चित्रकार, कलाकार, खिलाड़ी, पूर्व सैनिक सहित समाज के विभिन्न वर्गों को भाजपा की विचारधारा से जोड़कर सदस्य बनाना है।

इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए सौ प्रतिशत योगदान देने का आह्वान किया एवं सदस्यता अभियान को गति देने की रणनीति बनाई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपस्थित कार्यकर्ताओं से अभियान को सफल बनाने में पूरी ताकत से जुटने का आह्वान भी किया।

# डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक का रायबरेली में हुआ विस्तार

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में योगी सरकार एक बड़ी पहल की है. इस पहल के तहत प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में 'डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक' खोले जा रहे हैं अन्य 19 जनपदों की तरह रायबरेली के बछरावां विकास खंड ग्राम पंचायत सुंदौली में आज परियोजना के नए केंद्र की शुरुआत कंपनी के सीईओ संजय कुमार ने की।

डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक' एक तरह से प्राइमरी हेल्थ सेंटर है, जहां न केवल ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शहर के बड़े डॉक्टर से परामर्श मिलेगा, बल्कि हेल्थ केयर असिस्टेंस के साथ ही लैबोरेटरी की भी सुविधा मिलेगी. आपको बता दें कि निजी निवेश के माध्यम से योगी सरकार यह पहल कर रही है. इसका उद्देश्य गांवों और सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारना है, ताकि रियायती दरों पर लोगों को गंभीर से गंभीर बीमारियों में चिकित्सीय परामर्श के साथ ही दवाइयां और पैथोलॉजी टेस्ट की सुविधा मिल सके। बता दें कि ओबदु ग्रुप इस पूरे प्रोजेक्ट को धरातल पर उतार रही है. ग्रुप के फाउंडर और सीईओ संजय कुमार ने बताया, डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा हो रहा है और इस परियोजना को ग्रामीण और सुदूर क्षेत्र की सभी श्रेणी के लोग स्वीकार कर रहे हैं उन्होंने बताया कि मात्र 30 से 40 रूपये में खून की जांच और 5 मिनट में इसका रिजल्ट आना ग्रामीण क्षेत्र वासियों के लिए एक बहुत बड़ा बदलाव है। जिसकी वजह से ग्रामीणों का समय बर्बाद होने से तो बचता ही है बल्कि उनको ज्यादा आर्थिक हानि भी नहीं होती है।

# अंतरजनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता में श्रावस्ती की विजयी टीम को एसपी ने किया सम्मानित

**संवाददाता।** श्रावस्ती



**अपर** पुलिस महानिदेशक गोरखपुर के निर्देशानुसार गोरखपुर जोन की प्रथम अंतरजनपदीय कबड्डी कलस्टर प्रतियोगिता का आयोजन जनपद सन्तकबीर नगर में 10 से 13 सितंबर तक आयोजित की गयी थी जिसमें जनपद श्रावस्ती पुलिस के पुरूष खिलाड़ियों ने खो-खो में प्रथम व महिला खिलाड़ियों ने कबड्डी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

अंतरजनपदीय कबड्डी कलस्टर (महिला/पुरूष) प्रतियोगिता में श्रावस्ती पुलिस के खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए श्रावस्ती पुलिस का मान बढ़ाया जिसके उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने सभी खिलाड़ियों को स्वयं मेडल पहनाते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मान समारोह के दौरान बताया गया कि जनपद श्रावस्ती से कुल 22 खिलाड़ियों ने सन्तकबीर नगर के खलीलाबाद पुलिस लाइन में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

उन्होंने कहा कि आप सभी के द्वारा मेहनत व लगन से उच्च कोटि का प्रदर्शन किया गया जिससे जनपदीय पुलिस को आप सभी पर गर्व है आगे भी और अधिक बेहतर प्रदर्शन करनें हेतु प्रेरित किया गया।इस प्रतियोगिता का आयोजन जनपदों के बीच खेल कौशल और आपसी तालमेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं जनपदों के बीच आपसी सौहार्द और खेल भावना को बढ़ावा देती हैं। विजेता टीमों को बधाई देते हुए उन्होंने अन्य प्रतिभागियों को भी अपनी खेल क्षमताओं को और निखारने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक ने श्रावस्ती पुलिस टीम का नेतृत्व कर रहे टीम मैनेजर नि0 विजय कुमार सिंह व टीम कोच हे0 का0 रविन्द्र कुमार यादव की भी सराहना करते हुए श्रावस्ती पुलिस का मान बढ़ाने हेतु बधाई दी।

# भाजपा विधायक सुरेश पासी को मिली धमकी, जांच कर रही पुलिस




**शुकुल बाजार, अमेठी।** भाजपा विधायक सुरेश पासी को अंजाम भुगतने की धमकी मिली है। वॉट्सऐप पर मैसेज भेजकर कहा- विधायक जी... क्षत्रियों के इतिहास से छेड़छाड़ न करें, नहीं तो अंजाम बुरा होगा। बोर्ड को हटवाइए। नहीं तो आपका नुकसान होना तय है।

अमेठी के जगदीशपुर से विधायक और पूर्व मंत्री सुरेश पासी ने विधानसभा क्षेत्र में महापुरुषों के नाम से जगह-जगह स्मृति द्वार बनवाए हैं। इसमें से एक द्वार पर अपनी फोटो के साथ महाराजा सुहेलदेव की तस्वीर भी लगवाई है। इसमें लिखा है- महाराजा सुहेलदेव पासी स्मृति द्वार। सुहेलदेव के नाम के साथ पासी जोड़ने पर क्षत्रिय समाज नाराज है। उनका कहना है- महाराजा सुहेलदेव वैश (राजपूत) थे। उनकी जाति के साथ छेड़छाड़ की गई। धमकी देने वाले की पहचान वासु ठाकुर गहरवार के रूप में हुई है। फिलहाल, विधायक ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। विधायक सुरेश पासी ने इसे सपा और कांग्रेस का षड्यंत्र बताया है। कहा- इन लोगों को महापुरुषों के नाम पर बनाए जा रहे स्मृति द्वार रास नहीं आ रहे हैं। मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। हमने जनता की मांग पर महापुरुषों के नाम पर गेट लगवाए हैं।

इसी तरह हमने महाराजा सुहेलदेव पासी के नाम पर गेट बनवाया। कुछ सपा और कांग्रेस के लोगों को यह अच्छा नहीं लग रहा। इसलिए वो इस तरह के षड्यंत्र रच रहे हैं।

# विधायक गणेश ने होनहार खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**खलीलाबाद** शहर के एक मैरेज हाल में भारतीय बेलदार जन जागरण महासभा का मेघावी विद्यार्थियों, खिलाड़ियों का पुरस्कार वितरण एवं शिक्षक सम्मान समारोह तथा कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज कुमार चौहान, जिला महासचिव/आयोजक विरेन्द्र चौहान ने की। जिसमें मुख्य अतिथि धनवटा विधायक गणेश चौहान, खजनी विधायक श्रीराम चौहान ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अतिथियों ने सभी को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि धनघटा विधायक गणेश चौहान ने कहा कि शिक्षा ही एकमात्र ऐसा माध्यम है जिससे उत्थान, विकास और मानव का सर्वांगिण विकास किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो जितना पियेगा वह उतना दहाड़ेगा। खजनी विधायक श्रीराम चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने आपके समाज से मुझे संसद में प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है। समाज में हमें मजबूती के साथ खड़ा होना है और आज तो आप सभी ने एकजुटता दिखाई है यह इसी तरह से कायम रहे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष राजाराज प्रसाद ने बेलदार समाज के मेघावी छात्र/छात्राओं व खिलाड़ियों तथा शिक्षकों को प्रोत्साहन, प्रेरणा व जागरण/जागृति के लिए पुरस्कार-सम्मान और प्रशस्ति पत्र देकर उनका मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि शिक्षित वनो, संगठित वन हो और संघर्ष करो। कार्यक्रम को संगठन के संस्थापक व संरक्षक रामवृक्ष प्रसाद, श्यामराज, राष्ट्रीय महासचिव रामभजन लाल वेलदार, राष्ट्रीय संयोजक विरेन्द्र त्यागी, पूर्व विधायक दशरथ चौहान, संत, प्रसाद, श्रीमती रूपावती वेलदार, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव प्रसाद, पवन चौहान, श्रीमती अंजू चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष अनरजीत वेलदार, जिलाध्यक्ष मनोज कुमार चौहान, जिला महासचिव/आयोजक विरेन्द्र चौहान, गोरखुपर जिलाध्यक्ष राम आशीष चौहान, रोहित चौहान, सुग्रीव प्रधान, प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार वेलदार, चन्द्रशेखर सहित अन्य ने संबोधित किया। इस मौके पर झिनकान, अनिरूद्ध चौहान, सुरेन्द्र चौहान, रमेश पहलवान, राजीव कुमार, अमरनाथ, सोनू, राज किशोर, कौशल, शेषमणि सहित अन्य समाज के बुद्धिजीवी एवं संभ्रांत नागरिकगण तथा समाज के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### सड़क पर पति ने पत्नी को चाकू से गोदा, हालत गंभीर

**रायबरेली।** मामला नसीराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत खोदायगंज मोहल्ले का है जहां की रहने वाली रीना उम्र 26 वर्ष घर से दवा लेने जा रही थी तभी सडक पर उसके पति अरमान ने उसके ऊपर ताबडतोड चाकू से हमला कर दिया महिला खून से लथपथ होकर वहीं जमीन पर गिर पडी लेकिन पति उसके ऊपर चाकू से लगातार हमले करता रहा और उसको मरणासन्न हालत में छोडकर मौके से फरार हो गया, स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया जहां महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।

### सैनिक स्कूल व आरएमएस स्कॉलरशिप टेस्ट संपन्न

**रायबरेली।** ऑफिसर कैडर अकादमी द्वारा आयोजित सैनिक स्कूल और आरएमएस प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए विशेष स्कॉलरशिप टेस्ट शानदार सफलता के साथ संपन्न हुआ इस टेस्ट में बडी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। ऑफिसर कैडर अकादमी सैनिक स्कूल आरआईएमसी, आरएमएस और जवाहर नवोदय विद्यालय की तैयारी के लिए उत्कृष्ट मार्गदर्शन और समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में उपस्थित भूतपूर्व आर्मी कैप्टन आनंद प्रकाश ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढाई उन्होंने अपने प्रेरणादायक भाषण के माध्यम से छात्रों को कठिन परिश्रम अनुशासन और लक्ष्य प्राप्त के महत्व पर मार्गदर्शन दिया।

### युवक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या की

**ऊंचाहार।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली, घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है और मामले की छानबीन शुरू कर दी। घटना की वजह युवक के घर में हुआ विवाद बताया जा रहा है। लखनऊ प्रयागराज रेलमार्ग पर शनिवार की देर रात सवैयाधनी रेलवे क्रासिंग के पास ऊंचाहार से रायबरेली जा रही पैसेंजर ट्रेन से कटकर एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक की शिनाख्त कराई। तो उसकी पहचान नई बस्ती निकट एनटीपीसी गेट नम्बर 2 निवासी राममोहन के पुत्र विशाल 22 वर्ष के रूप में हुई।

# आधी रात को कमिश्नर ने सीएचसी रूपईडीह का किया निरीक्षण, परखीं व्यवस्थाएं

**संवाददाता।** गोंडा

**स्वास्थ्य** सेवाओं की जमीनी हकीकत परखने के लिये देवीपाटन मंडल के कमिश्नर शशि भूषण लाल सुशील ने शनिवार/रविवार की देर रात 2 बजे सीएचसी रूपईडीह का औचक निरीक्षण कर वहां पर मरीजों को दी जा रही चिकित्सीय सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में उन्हें भारी अनियमितताएं मिलीं। साथ ही कई मेडिकल स्टाफनदारद एवं कई सोते हुए मिले। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय का एकमात्र कक्ष सर्जिकल वार्ड खुला मिला। जिस पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुये उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को जमकर फटकारा।

निरीक्षण के दौरान कमिश्नर को कोई भी डाक्टर मौजूद नही मिला और सीएचसी अधीक्षक भी वहां मौजूद नहीं मिलें। इसके अलावा अस्पताल में न तो कोई चौकीदार पाया गया और न ही कोई सफाईकर्मी मिला। स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डाक्टर के बारे में पता लगाया गया तो पता चला कि वें गोंडा मुख्यालय से आते-जाते हैं। हालांकि स्टाफ नर्स व दाई उपस्थित मिली। सर्जिकल वार्ड का कक्ष खुलवाने पर स्टाफ नर्स अनुपमा तथा दाई सीमा सोती हुई पाई गईं। उनके अलावा अस्पताल में कोई भी स्टाफमौजूद नहीं मिला। इस दौरान आयुक्त ने अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से बात कर अस्पताल की हकीकत पता लगाई।

जिस पर कई परिजनों द्वारा बताया गया कि यहां डाक्टर दिन में रहते हैं एवं रात में घर चले जाते हैं। वहीं निरीक्षण में पता चला कि पूनम निवासी रायपुर मनोरमा तथा उषा निवासी सूबेदार पूर्वा सहजनवा की आज ही नॉर्मल डिलीवरी हुई है। मरीजों के परिजनों द्वारा अस्पताल से बाहर की दवा लिखने की भी शिकायत की गई। अस्पताल में भर्ती दो प्रसूताओं के परिजनों ने बताया कि डॉक्टर ने दो-दो हजार रूपये की बाहर की दवा लिखी है। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में बिजली पाई गई परंतु पता लगाने पर पाया गया कि अस्पताल में जनरेटर मौजूद नहीं है। गर्मी के दिनों में बिजली जाने पर मरीज गर्मी से परेशान रहते हैं। आयुक्त ने अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य देवीपाटन मंडल को इस समस्या के बारे में अवगत कराते हुए समाधान करने के निर्देश दिये।

आयुक्त ने अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य देवीपाटन मंडल को पत्र भेज कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह की स्थिति बताते हुए सीएचसी अधीक्षक तथा अन्य स्टाफके विरुद्ध कार्यवाही करने के आदेश दिए हैं। साथ ही सभी चिकित्सालय में रात्रि कालीन डाक्टर व आवश्यक स्टाफके हर हाल में मौजूदगी के आदेश दिये हैं।

## डेढ़ माह से विद्युत आपूर्ति बाधित, जर्जर तार-ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग

**कदौरा (जालौन)।** डेढ़ माह से बिजली न आने की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान की अगुवाई में एसडीओ को शिकायती पत्र देकर विद्युत समस्या के समाधान की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि जर्जर तारों को और ट्रांसफॉर्मर को बदला जाए ताकि उनको समय से बिजली मिल सके। इटौरा बावनी के ग्राम प्रधान राजकुमार उर्फ राजू की अगुवाई में डेढ़ दर्जन ग्रामीणों ने कस्बा स्थित एसडीओ कार्यालय में शिकायती पत्र दिया। शिकायती पत्र में उन्होंने बताया कि गांव में 239 विद्युत उपभोक्ता है। समय से बिल जमा किया जाता है। गांव में जो विद्युत पोल है, उनमें जर-जर विद्युत लाइन है,हल्के से फाल्ट में तार टूट कर गिर जाते है,जिस कारण आए दिन हादसा होने की आशंका बनी रहती है।

## बारावफात में ड्यूटी पर लगे पुलिस बल को एसपी ने किया ब्रीफ

**श्रावस्ती।** जनपद में बारावफात के जुलूस व गणेश चतुर्थी प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से श्रावस्ती पुलिस द्वारा तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं रविवार को पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने ड्यूटी में लगे सभी पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए उन्हें ब्रीफ किया। उन्होंने सभी अधिकारी व कर्मचारीगण को निर्देशित किया कि संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए सभी को चौकसी रखने और सतत निगरानी के निर्देश दिए गए हैं जिससे किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को पहले ही निष्प्रभावी किया जा सके।

पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि सभी लोग सतर्कता के साथ ड्यूटी करेंगे ड्यूटी में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए साथ ही साथ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपदीय नियन्त्रण कक्ष एलआईयू को सक्रिय रहनें एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर निरन्तर निगरानी रखनें तथा मुख्य अग्निशमन अधिकारी को अपनें पुलिस बल के साथ निर्धारित प्वांइट पर पूर्ण व्यवस्था के साथ मौजूद रहनें हेतु आदेशित किया गया। उन्होंने बताया कि जुलूसों को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जनपद में विभिन्न थाना क्षेत्रों हेतु कुल 09 टीमों का गठन किया गया है जितने भी जुलूस प्रस्तावित है उसमें ड्यूटी बॉक्स फार्मेशन में लगायी गयी है प्रत्येक टीम के प्रभारी निरीक्षक स्तर के अधिकारी सहित कुल 18 कर्मचारीगण होगें इसके अतिरिक्त 03 प्लाटून पीएसी व 01 प्लाटून फ्लड पीएसी की लगायी गयी सम्पूर्ण पुलिस बल की ड्यूटी दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ लगायी गयी है। ब्रीफिंग का संचालन अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव द्वारा किया गया।

## ट्रांसफार्मर में लगी आग, बिजली आपूर्ति बाधित

**ऊंचाहार।** अज्ञात कारणों के चलते ट्रांसफार्मर में आग लगने की वजह से हजारों घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, बिजली विभाग की कड़ी मशक्कत के बाद आपूर्ति बहाल की गई है। पट्टी रहस कैथवल गाँव के बीच 250 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया है, जिससे दो हजार से अधिक घरों को आपूर्ति दी जाती है, शनिवार की देर रात अचानक ट्रांसफार्मर में आग लग गई और थोड़ी ही देर में ट्रांसफार्मर व केबल धू धू कर जलने लगे, ग्रामीणों ने इसकी जानकारी बिजली विभाग को दी, आपूर्ति बंद करने के बाद आग बुझ पाई। बिजली विभाग द्वारा मरम्मत करने के 15 घण्टे बाद रविवार की दोपहर आपूर्ति को बहाल किया जा सका है।अवर अभियंता लालमणि ने बताया कि बिजली आपूर्ति को सुचारू रूप से बहाल किया गया है।

## एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के विजय बने अध्यक्ष एसोसिएशन का सेमिनार शीघ्र करने की रणनीति तय

**अमेठी।** एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन जनपद अमेठी का रविवार को गठन हुआ। अमेठी जिले में भी अपने संगठन का गठन किया गया। एसोसिएशन की तरफ से प्रभारी राजकुमार मिश्रा ,राजेश केसरवानी ने संगठन की गतिविधियो से वहां के ब्यापारियो को अवगत कराया गया। तथा विश्वास दिलाया हमारा संगठन एक एक व्यापारी के साथ है। किसी को भी भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। अमेठी जिले के व्यापारियों ने एसोसिएशन का आभार व्यक्त किया। कि अभी जो पांच साल का आनलाइन डाटा मांगा जा रहा था। वह काम एसोसिएशन के द्वारा ही सम्भव हो पायेगा। वहां के व्यापारियों ने सर्व सम्मति से विजय कुमार शुक्ला अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से चुना गया । श्री शुक्ल कमेटी का गठन एक सप्ताह में करने का समय तय किया और जनपदीय अधिवेशन शीध्र करने को कहा गया । ऐसोसिएशन अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल ने एसोसिएशन की तरफ से अमेठी जनपद के सभी व्यापरियों को शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है।

# गौवंशों के कंकाल रख विहिप, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध

**जालौन (उरई)।** लौना गांव में स्थित गोशाला में गोवंशों के मृत पड़े होने की सूचना पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने मृत गोवंश के कंकाल को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया और नारेबाजी की। सूचना पर मौके पर पहुंचे एसडीएम व सीओ ने जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद जाम खुला। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम लौना में गोशाला के अंदर कई दिनों से गायों के मृत पड़े होने की सूचना पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता लौना गांव स्थित गोशाला पहुंच गए। बजरंग दल के नगर संयोजक मानवेंद्र परिहार ने बताया कि जब वह गोशाला पहुंचे तो गोशाला का गेट बंद था और बाहर से ताला लगा हुआ था। मौके पर प्रधान प्रतिनिधि और पंचायत सचिव वर्षा सिंह मौजूद थीं। पहले तो वह संगठन के कार्यकर्ताओं को अंदर नहीं जाने दे रहे थे। किसी तरह कार्यकर्ता अंदर पहुंचे तो गोशाला में कीचड़ ही कीचड़ नजर आ रहा था। वहां दो गवंश के साथ ही एक गोवंश का कंकाल पड़ा हुआ था। इसके अतिरिक्त कुछ गोवंश बीमारी की हालत में पड़े हुए थे। गोवंश की यह दुर्दशा देखकर प्रधान व सचिव से शिकायत की लेकिन कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। जिसके बाद संगठन के कार्यकर्ताओं ने मृत गोवंश के कंकाल को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया और नारेबाजी करने लगे। इसकी सूचना जैसे ही अधिकारियों को मिली तो एसडीएम हेमंत पटेल, सीओ शैलेंद्र बाजपेई, नायब तहसीलदार गौरव कुमार और कोतवाल वीरेंद्र पटेल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां उन्होंने उत्तेजित कार्यकर्ताओं को समझा बुझाकर शांत कराया और संगठन के पदाधिकारियों की मांग पर आश्वासन दिया कि इस मामले की जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम के आश्वासन पर कार्यकर्ताओं ने जाम खोल दिया। जिसके बाद जेसीबी की मदद से मृत गाय और कंकाल को जमीन में दफन करा दिया गया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष अनुराग तिवारी, बजरंगदल के नगर संयोजक मानवेंद्र परिहार, देवेंद्र राठौर, निशांत अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## लौना गौशाला में मृत गौवंश का शव

**जालौन।** ब्लॉक क्षेत्र में गायों की एक ओर जहां दुर्दशा हो रही है। लौना से पूर्व भी मांडरी और अकोढ़ी दुबे, सहाव के अलावा अन्य स्थानों पर भी गोशालाओं में उचित व्यवस्था न होने के चलते लगातार गायों के मरने का सिलसिला जारी है। वहीं, रविवार को एक ओर मंडलायुक्त और डीएम रामपुरा क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर गायों को गुड़ और चना खिला रहे थे। तो दूसरी ओर लौना गांव में प्रधान व सचिव की लापरवाही से गोशाला में मृत गोवंश के अलावा उनके कंकाल मिल रहे थे।

# बाढ़ एवं बारिश से क्षतिग्रस्त फसलों एवं मकानों के प्रभावितों को मदद के लिए विधायक ने की पहल

**कालपी (जालौन)।** क्षेत्रीय विधायक ने कालपी विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में हुई मूसलाधार बारिश तथा बाढ़ से गिरे घरों तथा फसलों को नुकसान की क्षतिपूर्ति दिलाने के लिए मुख्यमंत्री से मांग की है। विधायक विनोद चतुर्वेदी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा शासन के राहत सचिव को ईमेल से प्रेषित पत्रों के माध्यम से अवगत कराया है कि हाल ही में 10-11 तथा 12 सितंबर को लगातार हुई बरसात की चपेट में आकर कई स्थानों में घर गिर गए हैं तथा कई लोग बेघर भी हो गए हैं। इसी प्रकार बरसात तथा बाढ़ की चपेट में आकर खेतों के जलमग्न हो जाने से तिली, ज्वार, बाजरा, मूंग, उड़द की फैसले नष्ट हो गई हैं। विधायक ने बताया कि हजारों एकड़ फसल क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को भारी क्षति पहुंची है। कालपी जनसंपर्क कार्यालय में ग्रामीणों से वार्ता करते हुए कहा कि प्रभावित किसानों को शासन स्तर से हर संभव शासकीय मदद पहुंचाई जाएगी विधायक ने अवगत कराया है कि इस संबंध में जिलाधिकारी से संबंधित उच्च अधिकारियों को भी बाढ़ एवं बरसात से क्षतिग्रस्त फसलों तथा घरों की शासकीय मदद देने के लिए सर्वे कराने की अपेक्षा की है।

## जलापूर्ति बनी जी का जंजाल, डीएम से लगायी गुहार

**जालौन (उरई)।** मोहल्ले में पानी की पुरानी पाइप लाइन के जर्जर होने से पेयजल के लिए दिक्कत होती है। मोहल्लेवासी ने पेयजल समस्या के समाधान के लिए नई पाइप लाइन डलवाने की मांग डीएम से की है। मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी अशफाक राईन ने बताया कि वाल्मीकि मंदिर से बाजार तक दशकों पुरानी पाइप लाइन डली हुई है। जो समय के साथ जर्जर हो चुकी है(

# भाजपा एक विचारधारा: विजय बहादुर

**गोंडा।** भारतीय जनता पार्टी के 11 से 17 सितंबर सदस्यता महाभियान को लेकर रविवार को प्रदेश उपाध्यक्ष/जिला प्रभारी एमएलसी विजय बहादुर पाठक, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व प्रवासी गोंडा राजीव मिश्रा एवं सदस्यता अभियान अवध क्षेत्र के सहसंयोजक व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र नीरज सिंह सहित् कई प्रदेश पदाधिकारियों ने जिले का दौरा कर सदस्यता अभियान का जायजा लिया।

सदस्यता अभियान के दौरान राजीव मिश्रा एवं नीरज सिंह द्वारा कर्नलगंज विधानसभा एवं गोंडा विधानसभा के विभिन्न बूथों पर जाकर सदस्यता कराई गई। कटरा विधानसभा में सदस्यता अभियान के दौरान एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचारधारा आधारित पार्टी है। संगठन में नवीनता प्रदान करने हेतु समय-समय पर पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जाता है। एकात्म मानववाद सहित सांस्कृतिक पुनर्जागरण की विचारधारा को धारण करने वालों का भारतीय जनता पार्टी स्वागत करती है। जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप द्वारा बताया गया कि 8800002024 पर मिस्ड कॉल करते हुए प्राप्त मैसेज में अपना डिटेल भर के भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। विधायक बावन सिंह ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्रदत्त लक्ष्य को प्राप्त करना हम सभी कार्यकर्ता का उद्देश्य होना चाहिए। सदस्यता अभियान में महामंत्री जसवंत लाल सोनकर, राकेश तिवारी, आशीष त्रिपाठी, दीपक अग्रवाल, अनुपम प्रकाश मिश्रा, संदीप पांडे, राजेश राय चंदानी, विनय शर्मा, पुनीत सिंह, अजय कुमार सिंह, संदीप सिंह, जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझा पट्टू, मनीष द्विवेदी, आत्माराम वर्मा, सोहनलाल भारती, अनंत राम शुक्ला व रमाकांत मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



